जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

चूरू

Rashtradoot

फोनः- 256906, 256907, फैक्सः- 01562-256908 वर्षः 17 संख्याः 203 प्रभात चूरू, गुरूवार, 20 नवम्बर, 2025 पो. रजि. न. चूरू/084/2019-21 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## बिहार के झटके के बाद इंडिया गठबंधन में बेचैनी सी है राहुल गांधी के विपक्ष के नेता पद के बारे में

### कांग्रेस ने संसद के आगामी सत्र से पहले विपक्ष की बैठक बुलाने का प्रयास किया था वोट चोरी के मुद्दे पर, पर यह प्रयास विफल हुआ

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 नवम्बर। बिहार में मिली करारी हार ने इंडिया ब्लॉक के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है, क्योंकि राज्य-आधारित दल अब राहुल गांधी को विपक्षी गठबंधन का नेता मानने में असहज दिखाई दे रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटों तक सीमित रखने के बाद, विपक्ष, खासकर कांग्रेस, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में हार के बाद, अपना "मोमैन्टम" (अपनी गति) बनाए नहीं रख सका। झारखंड में कुछ मजबूती दिखी, जहाँ इंडिया ब्लॉक ने विधानसभा की 81 में से 56 सीटें जीतीं। जम्मू-कश्मीर में भी विपक्षी गठबंधन ने 90 में से 49 सीटें जीतीं। लेकिन बिहार में एनडीए की जबरदस्त जीत के बाद माना जा रहा है कि भाजपा ने 2024 की हार की भरपाई कर ली है।

इंडिया ब्लॉक के भीतर बेचैनी साफ दिख रही है। संसद के आगामी शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस ने विपक्षी दलों की बैठक बुलाकर "वोट चोरी" मुद्दे को संसद में उठाने की कोशिश की। लेकिन तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित, गठबंधन के प्रमुख पार्टनरों ने इस पहल में खास रुचि नहीं दिखाई है।

महाराष्ट्र की घटनाएँ बहुत कुछ सीख देती नजर आ रही हैं। बीएमसी चुनाव में अकेले लड़ने की कांग्रेस की घोषणा के बाद, शिवसेना (यूबीटी), जो पहले महा विकास अघाड़ी सरकार का हिस्सा थी, ने कांग्रेस का मज़ाक उड़ाया। पार्टी के मुखपत्र "सामना" के संपादकीय में शिवसेना ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपनी "राष्ट्रीय पार्टी" की पहचान का ढोल पीटकर अपना महत्व साबित करना चाहती है, जबकि उसका प्रदर्शन लगातार कमजोर होता जा रहा है।

अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों का साथ मिलना मुश्किल है। पश्चिम बंगाल में, जहाँ चुनाव अगले साल की शुरुआत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- प्रमुख विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस व सपा ने इस प्रयास से दूरी बनाने का मन बनाया।
- महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी), जो कांग्रेस नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार में कांग्रेस के साथ पार्टनर थी, ने भी कांग्रेस का मखौल उड़ाया कि कांग्रेस विपक्ष के नेता का पद पाकर इतरा तो रही है, पर, उसका जमीनी प्रदर्शन काफी लड़खड़ा रहा है।
- आगामी असैंबली चुनाव में क्षेत्रीय दल कांग्रेस को ज्यादा भाव नहीं देंगे, ऐसा लगता है कि तृणमूल कांग्रेस को बंगाल के चुनावों में ज्यादा एकॉमोडेट करने के मूड में नहीं है।
- तमिलनाडु में द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन में भी अब उतनी गर्मी नहीं है।
- द्रमुक, कांग्रेस से अप्रसन्न है, क्योंकि कांग्रेस सिनेस्टार व राजनीतिज्ञ विजय से नज़दीकी दिखाती रही है। अरविंद केजरीवाल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वे गठबंधन से नाता तोड़ रहे हैं तथा अखिलेश यादव भी इंडिया गठबंधन से दूरी बनाना ही सार्थक समझ रहे हैं।

## महिला सब इन्सपैक्टर सवा लाख रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 19 नवम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की जयपुर नगर तृतीय टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के गांधीनगर थाने की महिला पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) राजकुमारी जुनेजा को सवा लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर तृतीय टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि पुलिस थाना गांधीनगर में दर्ज प्रकरण में उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करने एवं मुकदमे में एफआर लगाने की एवज में महिला पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) राजकुमारी जुनेजा दो लाख रुपये की रिश्वत मांग रही है।

इस पर एसीबी जयपुर नगर तृतीय टीम के पुलिस उप अधीक्षक सुरेश कुमार स्वामी के नेतृत्व में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए महिला पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) राजकुमारी जुनेजा को सवा लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

- गांधी नगर पुलिस थाने में तैनात राजकुमारी जुनेजा को एसीबी की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा।

## नीतीश ने अपने निकटस्थ विश्वासी को नये मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया

### चौंकाने वाले इस निर्णय से नीतीश कुमार ने साफ मैसेज दिये, राजनीतिक नज़दीकी नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार मुक्त छवि दिलायेगी राजनीतिक पद नई सरकार में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 नवम्बर। बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने नए कार्यकाल की तैयारी करते हुए एक स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया है, अब राजनीतिक नज़दीकी किसी को जवाबदेही से नहीं बचा पाएगी। एक चौंकाने वाले कदम के अन्तर्गत, नीतीश ने अपने पुराने भरोसेमंद साथी और जेडीयू के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी को अपनी कैबिनेट से बाहर कर दिया, जिससे राजनीतिक हलकों में गहन चर्चाएँ शुरू हो गईं और सहयोगी भाजपा भी सतर्क हो गई है।

इस फैसले को व्यापक रूप से साफ-सुथरे शासन की छवि मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है, खासकर ऐसे समय, जब भाजपा के उपमुख्यमंत्री पद के दावेदार पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के कई आरोप लगे हुए हैं। जानकारों का कहना है कि नीतीश का यह कदम न केवल अपनी पार्टी की छवि सुधारने की कोशिश है, बल्कि भाजपा पर भी अपने निर्णयों की समीक्षा करने तथा अपने पसंदीदा नेताओं को खँगालने का अप्रत्यक्ष दबाव है।

अशोक चौधरी के खिलाफ हुई इस कार्रवाई से कुछ ही सप्ताह पहले, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने नीतीश सरकार के दो वरिष्ठ मंत्रियों, जिनमें चौधरी भी शामिल थे, पर गंभीर भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुये, कुछ दस्तावेज़ जारी किए थे। प्रशान्त किशोर द्वारा किये गये इन खुलासों से जेडीयू के भीतर असहज स्थिति पैदा हो गई थी और मुख्यमंत्री को राजनीतिक रूप से कठिन परिस्थिति में डाल दिया था।

अशोक चौधरी करोड़ों रुपये की जमीन सौदेबाजी में कथित संलिप्तता को लेकर जांच के दायरे में हैं। इस प्रकरण से सरकारी प्रभाव के दुरुपयोग पर सवाल खड़े हो गये थे। विपक्ष ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया था और नीतीश कुमार पर "दागी मंत्रियों को चुपचाप बचाने" और साफ-सुथरे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- प्रशांत किशोर ने अशोक चौधरी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप, दस्तावेज व सबूत पेश करते हुए लगाये थे।
- नीतीश के निर्णय से भाजपा भी दबाव में आ गई है, क्योंकि भाजपा के उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के खिलाफ भी भ्रष्टाचार व धोखाधड़ी के कई संगीन आरोप हैं।
- अतः भाजपा भी अपनी तरफ से प्रस्तावित मंत्री पद के उम्मीदवारों की लिस्ट को भी पुनः गहराई से चैक करने को मजबूर हो गई है।

## कांग्रेस ने एसआईआर के मुद्दे पर राजनीतिक रणनीति तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की

### संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस बैठक में सक्रिय भूमिका निभाई अपनी उपस्थिति से

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 नवम्बर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि भाजपा "वोट चोरी" के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न (एस.आई.आर.) प्रक्रिया का हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग पर केवल "प्रशासनिक विफलता" नहीं, बल्कि "मौन की मिलीभगत" का आरोप लगाया।

यह बयान उन्होंने यहां आयोजित एक व्यापक रणनीति समीक्षा बैठक के बाद जारी किया। इस बैठक में एआईसीसी के महासचिव, प्रभारी, पीसीसी प्रमुख, सीएलपी नेता और उन 12 राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों के एआईसीसी सचिव शामिल थे, जहाँ एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी इस समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

खड़गे ने कहा कि जब जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा पहले से ही कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान चुनाव आयोग का रवैया बेहद निराशाजनक रहा है।

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, बीएलओ और जिला, शहर तथा ब्लॉक अध्यक्षों से लगातार सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि "हम ऐसी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- बैठक में एआईसीसी के महासचिव, प्रदेशों में नियुक्त प्रभारी, पीसीसी के पदाधिकारी व कांग्रेस विधायक दल के वरिष्ठ सदस्य भी बुलाए गए थे, विशेषकर उन बारह राज्यों व केन्द्र शासित क्षेत्रों से जहाँ एसआईआर प्रक्रिया चालू है।
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक के बाद पुनः दोहराया कि भाजपा एसआईआर प्रक्रिया का वोट चोरी साजिश में उपयोग कर रही है तथा चुनाव आयोग चुप्पी साध कर इसमें मूक समर्थन दे रहा है। यह कोई प्रशासनिक फेलियर का मुद्दा नहीं है।

## राजस्थान वि.वि. में कुलपति की नियुक्ति पर हाई कोर्ट ने जवाब मांगा

जयपुर, 19 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति पद पर प्रोफेसर अल्पना कटेजा को नियुक्ति देने से जुड़े मामले में राज्य सरकार, विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रोफेसर अल्पना कटेजा को नोटिस भेज कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने ये आदेश प्रोफेसर महिपाल सिहाग की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामले में दायर स्टे एप्लिकेशन पर आदेश जारी करने से पहले प्रोफेसर अल्पना को सुनवाई का मौका दिया जाना उचित रहेगा। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 21

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- प्रो. अल्पना कटेजा पर आरोप है कि आवंटन करते समय उन्होंने लंबित अपराधिक प्रकरण को छुपाया।

## प्रवासी राजस्थानी विभाग बनेगा, ग्लोबल केपबिलिटी सैंटर स्थापित होंगे

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए

जयपुर, 19 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रवासी राजस्थानियों के लिए नया विभाग गठित करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही, राजस्थान ग्लोबल केपबिलिटी सेंटर पॉलिसी के अनुमोदन तथा आरवीयूएनएल व सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के मध्य जॉइंट वेंचर कंपनी के गठन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले भी लिए गए।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि आज मंत्रिमंडल ने 'राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी मामले विभाग' के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। यह विभाग प्रवासी राजस्थानियों और राज्य सरकार के बीच संवाद और सहयोग के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध करवाएगा, जिससे प्रवासियों का अपनी मातृभूमि से जुड़ाव और मजबूत होगा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यह विभाग विश्व पटल पर ब्रांड राजस्थान को प्रोत्साहित करने का कार्य भी करेगा।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि यह विभाग प्रवासी राजस्थानियों को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने और उनके विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए नीतिगत ढांचा उपलब्ध कराएगा। प्रवासी राजस्थानी एसोसिएशन्स के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल का संचालन भी इस विभाग द्वारा किया जाएगा।

कर्नल राठौड़ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने राजस्थान ग्लोबल केपबिलिटी सेंटर पॉलिसी-2025 का अनुमोदन किया है। यह नीति वर्ष 2030 तक राजस्थान में 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करने, 1.5 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ ही देश के 100 अरब डॉलर के जीसीसी बाजार में महत्वपूर्ण योगदान देने के लक्ष्य पर आधारित है। राज्य सरकार इस नीति के माध्यम से जयपुर, उदयपुर, जोधपुर जैसे शहरों को जीसीसी हब के रूप में विकसित करेगी।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि मंत्रिमंडल ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) तथा सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के बीच जॉइंट वेंचर(जे.वी.) कंपनी के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। यह जेवी खदान स्थल पर 9,600 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावाट की कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना और राजस्थान में 6,000 करोड़ रुपए की लागत से 1500 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाएं स्थापित करेगी।

- प्रवासी राजस्थान विभाग से विश्व पटल पर ब्रांड राजस्थान स्थापित होगा व लोकप्रिय बनेगा।
- ग्लोबल केपबिलिटी सैंटर नीति के तहत 2030 तक राजस्थान में 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य है, जिनसे 1.50 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## एकल पट्टा क्लोज़र रिपोर्ट वापस लेने के लिए कोर्ट से मंजूरी मांगी

जयपुर, 19 नवंबर। प्रदेश के चर्चित एकल पट्टा मामले में एसीबी ने बुधवार को एसीबी मामलों की विशेष कोर्ट में कहा कि वह 19 जुलाई 2022 की क्लोजर रिपोर्ट को वापस लेना चाहती है, ताकि मामले में आगामी जांच की जा सके। एसीबी की ओर से केस ऑफिसर व एडिश्नल एसपी महावीर प्रसाद कोर्ट में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि 19 जुलाई 2022 की क्लोजर रिपोर्ट में खामियां रह गई थीं और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- एसीबी ने विशेष कोर्ट में कहा कि हाई कोर्ट ने मामले में आगामी जाँच करने के लिए कहा है। अतः क्लोज़र रिपोर्ट वापस लेने की अनुमति दें

## सोलह जजों, एक सौ तेइस रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी, चौदह राजदूत व सेना के एक सौ तैंतीस रिटायर्ड अफसरों ने एक खुली चिट्ठी लिखी

### इस पत्र में उन्होंने राहुल पर आरोप लगाया कि उन्होंने चुनाव आयोग को जानबूझ कर कमज़ोर व बदनाम करने की कोशिश की है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 नवंबर। एक सोची-समझी और संगठित प्रतीत हो रही कोशिश के तौर पर, सिविल सोसायटी के 272 वरिष्ठ सदस्यों ने एक खुले पत्र में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पर भारतीय चुनाव आयोग (ई.सी.आई.) पर "वोट चोरी" जैसे बेबुनियाद और भड़काऊ आरोप लगाकर उसकी साख कमजोर करने का आरोप लगाया है। इन वरिष्ठ सिविल सोसायटी सदस्यों में 16 जज, 14 राजदूतों, सहित 123 पूर्व नौकरशाह तथा 133 पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हैं।

इस बयान का समर्थन करने वालों में कई प्रमुख नाम भी शामिल हैं, जैसे पूर्व रॉ प्रमुख संजीव त्रिपाठी, पूर्व जम्मू-कश्मीर डीजीपी एस. पी. वैद, पूर्व राजनयिक लक्ष्मी पुरी और लंबे सार्वजनिक सेवा करियर में रहे अन्य प्रमुख लोग।

इन लोगों की यह प्रतिक्रिया उस समय आई है, जब पिछले कई दिनों से राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और एस.आई.आर. (सिस्टमैटिक इंटरनल रिवीजन) प्रक्रिया पर आरोपों की बौछार कर रखी है और दावा किया है कि आयोग ने वोट चोरी को संभव बनाया।

कांग्रेस बार-बार कहती रही है कि आयोग की कार्रवाई "बेहद निराशाजनक" रही है और इस बात का सबूत भी मांगा है कि आयोग राजनीतिक दबाव में नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से काम कर रहा है।

"असॉल्ट ऑन नेशनल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पत्र के अनुसार, राहुल गांधी ने कई बार पुरजोर ढंग से यह कहा है कि उनके पास वोट चोरी के अकाट्य सबूत हैं, जिनको अगर उन्होंने पेश किया तो ऐसा बम फटेगा कि चुनाव आयोग को मुँह छुपाने की जगह नहीं मिलेगी।
- पत्र के अनुसार, इन नाटकीय आरोपों के बावजूद आजतक भी राहुल गांधी या कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ एक भी शिकायत दर्ज नहीं की है, केवल सेवारत व रिटायर्ड चुनाव आयुक्तों को धमकियाँ दी हैं कि वे बख्शे नहीं जाएंगे।
- आरोपों के जवाब में कांग्रेस का कहना है कि इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले लोग भाजपा के चिंतन व विचारों से सहानुभूति रखने वाले लोगे हैं, जिनके आरएसएस व मोदी सरकार से गहरे संबंध रहे हैं, जैसे रिटायर्ड राजनयिक अधिकारी लक्ष्मी पुरी, जिन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, पैट्रोल मंत्री हरदीप पुरी की पत्नी हैं।
- कांग्रेस का प्रत्युत्तर में कहना है कि, इस सार्वजनिक खुली चिट्ठी का एक ही मकसद है कि मोदी सरकार का विरोध करने वाले लोगों की विवसनीयता खत्म हो जनता के मन में।

## मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए द.अफ्रिका जायेंगे

नयी दिल्ली 19 नवंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 नेताओं के 20वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका की तीन दिन की यात्रा पर जाएंगे ।

यह ग्लोबल साउथ में 22-23 नवंबर को आयोजित होने वाला लगातार चौथा जी- 20 शिखर सम्मेलन होगा। इस शिखर सम्मेलन में प्रधानमन्त्री -20 एजेंडे पर भारत का दृष्टिकोण रखेंगे। प्रधानमंत्री के शिखर सम्मेलन के सभी तीन सत्रों में संबोधन की उम्मीद है। जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री द्वारा जोहान्सबर्ग में उपस्थित कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए) नेताओं की बैठक में भी भाग लेंगे।

- तीन दिन की यात्रा पर वे शुक्रवार को रवाना होंगे।

CMYK

## सार-समाचार

### पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम आयोजित

**सीकर,** (निसं)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त का हस्तांतरण प्रधानमंत्री द्वारा कोयम्बटूर, तमिलनाडु में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस में किया गया, जिसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम भारतीय कृषि विज्ञान केंद्र फतेहपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सीकर महेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि पीएम किसान योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस बार देश के 9 करोड किसानों को कुल 18 हजार करोड रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। राजस्थान के 66.62 लाख किसानों को 1332.40 करोड रुपये तथा सीकर जिले के 2.57 लाख किसानों के खातों में 51.4 करोड रुपये की राशि हस्तांतरित की गई है। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आर.के. दुलड़ ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पीएम किसान योजना के तहत किसानों को तीन किस्तों में 6000 रुपये वार्षिक प्रदान किए जाते है, जिससे वे अपनी फसल उत्पादन क्षमता बढाने हेतु गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि इनपुट आसानी से खरीद सकें। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) प्रिया झाझडिया, कृषि अधिकारी महेंद्र सिंह सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान लाभार्थी एवं महिलाओं ने भाग लिया।

### शिक्षा व्यवस्था सुधार की मांग

**रतनगढ़** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के प्रांतीय आव्हान पर आज ब्लॉक रतनगढ़ में ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र नायक एवं ब्लॉक मंत्री नेतराम मीणा के नेतृत्व में, जिलाध्यक्ष शिवाराम मेघवाल के सहयोग से शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी रतनगढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ ड्यूटी में शिक्षकों पर अनियमित, अव्यवहारिक एवं अत्यधिक लक्ष्य थोपे जा रहे हैं, जिससे शिक्षकों का मानसिक व शारीरिक शोषण हो रहा है। शिक्षकों ने बताया कि इसी प्रताड़ना का खामियाज़ा जयपुर के शिक्षक मुकेश जांगिड़ को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा, जिन्होंने के असहनीय दबाव के चलते आत्महत्या कर ली।संघ ने मांग की कि बच्चों के हित और शिक्षकों की गरिमा को ध्यान में रखते हुए नियमों के अनुसार शिक्षकों को गैर-शैक्षिणक कार्यों से पूर्णतः मुक्त किया जाए तथा निर्वाचन विभाग इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले।इस दौरान अनिल कंवल, पाबूसिंह, भंवरलाल सांवा, अरुणा जावा, मीना बारूपाल, रिखाराम, राजेंद्र बाकोलिया, चेतराम खारडिया, वीरेंद्र जायसवाल, प्रेमकुमार, शैलेंद्र सिंह, नरेश गजराज, परमेश्वर नायक, सूर्यप्रकाश, वीरेंद्र, प्रभुराम सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

### इंदिरा गांधी का जयंती दिवस मनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के न्यू कॉलोनी में स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जयंती दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने इंदिरा गांधी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर की। कार्यकम में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यापक सुभाषचंद्र ने इंदिरा गांधी के जीवन परिचय, राजनितिक सफर के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने बताया कि इंदिरा गांधी जी ने हरित कांति का नेतृत्व किया। जिसकी बदौलत भारत खाद्यान में आत्मनिर्भर बना तथा डॉ. कालेर ने बताया कि इंदिरा जी ने एक गरीबी हटाओ नामक कार्यक्रम शुरू किया। जो एक नारा बन गया। डॉ. कालेर ने बताया कि इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं तथा अपने प्रधानमंत्री पद पर रहते हए देश में कई विकास कार्य करवाएं तथा इनके इरादे मजबूत थे। इस कारण इन्हें आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है। डॉ. कालेर ने विद्यालय की सभी छात्राओं से अपील की वे भी इंदिरा गांधी की तरह मजबूत इरादों के साथ अपने जीवन में आगे बढ़े। कार्यक्रम में विकास नीतड़, शीशराम जाखल, सुरेंद्रसिंह शेखावत, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, अनामिका, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश, ममता रानी, संतोष, देवीदत्त, दलीप सिंह, ओमप्रकाश सैनी आदि उपस्थित थे।

### शिक्षक संघ तृतीय श्रेणी शिक्षकों को स्थायीकरण की मांग, ज्ञापन दिया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) नेछवा की ओर से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में 2023 के नवनियुक्त शिक्षकों का स्थायीकरण की मांग की गई। ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कस्वाँ ने बताया कि राज्य के बहुत सारे जिलो में स्थायीकरण व वेतन नियमितीकरण के आदेश हो गए परंतु सीकर जिले में अभी तक नहीं हुए। साथ ही तहसीलदार को मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें मांग की गई कि एसआईआर व अन्य कार्यों के बहाने शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बनाना बंद किया जाये। साथ ही प्रदर्शन कर पिछले दिनों सरकारी अधिकारियों के दबाव में आत्महत्या की मुकेश जांगिड को न्याय दिलाने की मांग की गई। प्रदर्शन में संगठन झाबर मल, त्रिलोका राम, महावीर भामू, हजारीलाल, श्यामलाल, बलराम , मुन्नाराम बुडानिया, धर्मेंद्र गिठाला, सुरेश, सुनील, सुभाष, विकास निठारवाल, बबलू सेन, दिनेश डोटासरा,गजेंद्र धायल,दुलाराम भामू,कैलाश बिजारणीया, शिवदयाल सारण, सुनील सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चलते ट्रैक्टर में आग लगी

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय की मलसीसर रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चलते ट्रेक्टर में अचानक आग लग गई। ट्रेक्टर के बोनट से धुआं उठते ही चालक घबरा गया और नियंत्रण खो बैठा। जिससे ट्रैक्टर सड़क के किनारे पलट गया। गनिमत रही कि चालक समय रहते कूद गया और बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत झुंझुनूं नगर परिषद के अग्निशमन केंद्र को दी। सूचना मिलते ही नगर परिषद की दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। नगर परिषद के अग्निशमन अधिकारी बुलकेश ने बताया कि मलसीसर रोड स्थित पुलिया के पास ट्रेक्टर में अचानक आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल तुरंत रवाना की गई और मौके पर पहुंचकर ट्रेक्टर में लगी आग पर काबू पाया गया। शॉर्ट सर्किट से ट्रेक्टर में आग लगाने की आशंका जताई जा रही हैं।

### कुंड में गिरने से अधेड़ युवक की मौत

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गांव करणपूरा की रोही में कुंड से पानी निकालते समय 42 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार करणपूरा गाँव के बुधराम पुत्र सेडुराम प्रजापत जो अपने खेत में कुंड से पानी निकाल रहा था, अचानक पैर फिसल गया जिससे बुधराम पानी से भरे कुंड में गिर गया। खेत में ही काम कर रहे रघुवीर, नारसिंह फुलाराम आदि ने बुधराम को कुंड से बाहर निकाला एवं तारानगर के सरकारी अस्पताल लेकर आये जहां चिकित्सकों ने बुधराम को मृत घोषित कर दिया। उधर सूचना पाकर थाने के एएसआई भगवानसिँह अस्पताल पहुंचे, शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक के भाई रघुवीरसिंह की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु की।

### डॉ. पूजा मीणा का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ

**चूरू** (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में रतननगर की होनहार बेटी डॉ. पूजा मीणा पुत्री दिलिप कुमार मीणा व माता संतोष देवी ने आरपीएससी परिक्षा में असिस्टेंट प्रोफेसर (ज़ूलॉजी) पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा दिया है। वे रतननगर की पहली महिला हैं जिन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर इतिहास रचा है। डॉ. पूजा ने जुलाई 2025 में यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, जयपुर से अपना पीएच.डी. शोधकार्य पूर्ण किया। अपने उत्कृष्ट शोध, मजबूत अकादमिक रिकॉर्ड और निरंतर मेहनत के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की है। परिवारजनों, शिक्षकों और मित्रों ने कहा कि उनकी लगन, अनुशासन और दृढ़ निश्चय युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, मार्गदर्शकों और शुभचिंतकों को दिया। उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सार्थक योगदान देना मेरा लक्ष्य है।

### सरकारी स्कूल में स्वेटर वितरित किये

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुटोट के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को बुधवार गांव के भामाशाह मोहन लाल चाहर सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर ने गर्म स्वेटर वितरित की। संस्था प्रधान श्रीमती किरण एवं विद्यालय स्टॉफ ने भामाशाह चाहर का आभार व्यक्त किया और बताया की चाहर ने पूर्व मे भी विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित कर चुके हैं और प्रतिवर्ष विद्यालय के कक्षा 5,8,10,12 के टॉपर्स विद्यार्थियों को पुरुस्कार एवं गांव के जरूरतमंद व गरीब छात्रों की पढ़ाई के लिए भी सहयोग करते रहते हैं।

# ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 10 गिरफ्तार, सात लाख 30 हजार 980 रुपए बरामद

**बीदासर** (निसं)। कस्बे के दडीबा बस स्टैंड स्थित एक कार बाजार की ऑफिस के प्रथम मंजिल पर गुरुवार की देर शाम अवैध जुआ सटटा के तहत ताश के पतों पर रुपयों का दाव लगाते हुए बड़ी कार्रवाई कर दस जनों को लाखों रुपयों के साथ गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव , दिनेश कुमार आरपीएस अति. पुलिस अधीक्षक सुजानगढ़, अभिजीत पाटील आईपीएस प्रभारी एजीटेएफ टीम चूरू, ओमप्रकाश गोदारा आरपीएस वृताधिकारी बीदासर के निकट सुपरविजन में एजीटीएफ टीम चूरू व बीदासर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से करवाई करते हुए सीकर नोखा मार्ग स्थित प्रजापति कार बाजार की ऑफिस में ताश के पत्तों पर रूपयों का दाव लगाकर जुआ खेलते हुए कुल 10 लोगों को गिरफ्तार कर 7 लाख 30 हजार 980 रुपयों की जुआ राशि जब्त की।



पुलिस ने ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 10 जनों को गिरफ्त में लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दबिश देकर ताश के पतों पर जुआं खेलते हुए बीदासर निवासी जगदीश पुत्र पोखर मल जाति प्रजापत, नन्द किशोर पुत्र मांणकचन्द्र जाति प्रजापत निवासी दडीबा, महावीर पुत्र बुदाराम जाति प्रजापत निवासी गोपालपुरा पीएस सदर सुजानगढ , बाबुलाल पुत्र हनुमान मल जाति प्रजापत निवासी बीदासर, राजेश पुत्र हनुमान मल जाति नाई निवासी श्रीडूंगरगढ़, जगदीश पुत्र चुन्नीलाल जाति प्रजापत निवासी रतनगढ, राजकुमार पुत्र विजय कुमार जाति नाई निवासी श्रीडुगरगढ, पन्नालाल पुत्र नेमाराम जाति जाट निवासी बीदासर, देवराज पुत्र रामेश्वरलाल जाति प्रजापत निवासी श्रीडुंगरगढ , किशन गोपाल पुत्र सत्यनारायण डागा जाति महाजन निवासी श्रीडुंगरगढ जिला बीकानेर को गिरफ्तार कर जुआं एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि बीदासर में जुएं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। जुआ खेलने और खिलाने वालों और उनका सहयोग करने वाले लोगो को बख्शा नहीं जाएगा।

## सड़क निर्माण का शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। नगर के सांसी धोरा क्षेत्र में वार्ड नं. 19 के अंतर्गत संस्कार स्कूल तक बनने वाली नई सड़क का शुभारंभ मंगलवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत ने किया।

शहर में विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए इस कार्य में स्थानीय पार्षद, विद्यालय प्रबंधन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर संस्कार स्कूल के निदेशकचंद्र प्रकाश सैनी ने माल्यार्पण कर सारस्वत का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग थी। सड़क निर्माण पूर्ण होने से अब विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों, अभिभावकों एवं आमजन को सुगम आवागमन की बड़ी सुविधा मिलेगी। शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत ने कहा कि नगरपालिका रतनगढ़ के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देंगे।

# प्रदेश में अर्धवार्षिक परीक्षाएं आज से शुरू

■ परीक्षार्थियों का पहले दिन अंग्रेजी के पेपर से होगा सामना

**झुंझुनूं,** (निसं)। पूरे प्रदेश में गुरूवार से एक बार फिर एग्जाम फीवर हावी होगा। जी, हां गुरूवार से पूरे प्रदेश की करीब 43 हजार प्राइवेट और गवर्नमेंट स्कूलों में परीक्षा शुरू होगी। कक्षा नौ से 12 तक के करीब 45 लाख परीक्षार्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे। परीक्षा दो दिसंबर तक दो पारियों में चलेगी।

झुंझुनूं में भी कुल 1245 सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के 1 लाख 20 हजार 147 के परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। गुरूवार को पहले दिन चारों कक्षा के परीक्षार्थियों का सामना अंग्रेजी के पेपर से होगा। क्योंकि कक्षा नौ और दस का अंग्रेजी तथा कक्षा 11 और 12 का अनिवार्य अंग्रेजी का पेपर होगा। डीईओ सैकंडरी राजेश मील व एडीईओ राजेश हलवान ने बताया कि झुंझुनूं जिले में कुल 562 सरकारी स्कूलों में 43 हजार 325 और 683 गैर सरकारी स्कूलों में 76 हजार 822 परीक्षार्थी है। जिनकी परीक्षाएं 20 नवंबर गुरूवार से शुरू हो जाएगी। इसके लिए मंगलवार को सभी 378 पीईईओ, यूसीईओ और नोडल प्रभारी को केंद्रवार पेपर वितरित किए गए। जो सुरक्षित सभी थानों में रखवा दिए गए है। अब परीक्षा के दिन ही संबंधित पीईईओ, यूसीईओ और नोडल प्रभारी अपनी स्कूलों में अपने क्षेत्र की सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों के पेपर लाएंगे।

परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे पहले पेपर दिए जाएंगे। परीक्षा का निरीक्षण सीडीईओ, डीईओ और बीईईओ स्तर के अधिकारी करेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा की पूरी तैयारियां कर ली गई है। परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्षता ओर बिना कोई गड़बड़ी के संपन्न करवाने के निर्देश दिए गए है। इन परीक्षाओं से झुंझुनूं जिले के करीब 75 सीबीएसई और 13 आदर्श विद्या मंदिर स्कूलें अलग रहेगी। जिनमें अर्धवार्षिक परीक्षा नहीं होगी। वहीं जिन स्कूलों में व्यवसायिक शिक्षा का विषय है। उन स्कूलों को अपने स्तर पर ही पेपर बनाकर परीक्षा करवानी होगी। जिले में ऐसी करीब पांच दर्जन स्कूलें है। जिनमें व्यवसायिक शिक्षा विषय संचालित है।

कक्षा नौ की परीक्षा पहली पारी में सुबह 9.30 से दोपहर 12.45 बजे तक तथा कक्षा 10 की परीक्षा दूसरी दोपहर 1.15 से शाम 4.30 बजे तक होगी। वहीं कक्षा 11 और 12 की परीक्षा अलग-अलग विषयों के अनुसार दोनों पारियों में होगी।

## मोदी वर्ल्ड स्कूल का शैक्षिक भ्रमण दल रवाना

**झुंझुनूं,** (निसं)। मोदी वर्ल्ड स्कूल विज्डम सिटी के विद्यार्थियों का पांच दिवसीय भ्रमण दल मंगलवार को जोधपुर व जैसलमेर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करने के लिए रवाना हुआ।

चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोजसिंह, हैड-मिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि ने हरी झंडी दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। ट्यूर प्रभारी सरोज सिंह ने बताया कि 100 से अधिक विद्यार्थी भ्रमण के लिए जा रहे हैं। सभी विद्यार्थी इस ट्यूर को लेकर अत्यंत रोमांचित एवं उत्साहित है। विद्यार्थियों के मनोरंजन की पूर्ण व्यवस्था की गई है। भ्रमण में तनोट माता मंदिर, लॉन्गेवाला बॉर्डर, उम्मेद भवन पैलेस, मेहरानगढ़ किला, साम सैंड ड्यून्स कैंप साइट, ऊंट सफारी, सांस्कृतिक संध्या, कालबेलिया लोक नृत्य, जैसलमेर किला, जैसलमेर दर्शनीय स्थल, गड़ीसर झील तथा अन्य ऐतिहासिक व मनोरम स्थानों को शामिल किया गया है। ज्ञात रहे कि स्कूल निरंतर इस प्रकार के शैक्षिणक एवं प्राकृतिक भ्रमण आयोजित करता है। जिसमें क्रमबद्ध रूप से संपूर्ण भारत के पर्यटन स्थलों को शामिल किया जाता रहा है। भ्रमण दल के साथ सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को हर स्थान के बारे में बखूबी बताते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, स्वावलंबन, आत्मविश्वास आदि भावनाओं का विकास होता है। विद्यार्थियों में प्राकृतिक स्थलों व राष्ट्रीय धरोहरों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। पेस परीक्षा के बाद आयोजित भ्रमण से विद्यार्थी पढ़ाई के दबाव से मुक्त व रिफ्रेश होकर लौटते हैं तथा वापस तनाव मुक्त वातावरण में अध्ययन कर पाते हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया है। यह भ्रमण 18 नवंबर से 23 नवंबर तक पांच रात व चार दिन की अवधि के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें कक्षा चार से 12 तक के उत्साही विद्यार्थियों ने भाग लिया है।

## रतनगढ़ में खाद्य सामग्री व गर्म वस्त्र वितरित

■ जरूरतमंदों के लिए सीमार परिवार आगे आया

**रतनगढ़** (निसं) नगर के शीतला चौक के पास स्थित राधा कृष्ण कुंज में मंगलवार को श्याम परिवार संघ द्वारा वार्षिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद महेश कुमार मीना देवी सीमार के आर्थिक सौजन्य से स्वर्गीय जगन्नाथ सीमार की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री के पैकेट व गर्म वस्त्र प्रदान किए गए। सामाजिक सरोकारों को समर्पित इस आयोजन में बड़ी संख्या में लाभार्थी पहुंचे और सेवा भाव से किए गए इस कार्य की प्रशंसा की।

इस अवसर पर श्याम परिवार संघ के लक्ष्मीनारायण बंसिया ने कहा कि सेवा करना मनुष्य का सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने बताया कि संघ हर वर्ष समाज की आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक सहायतार्थ सामग्री पहुंचाने का कार्य करता है और आगे भी यह सेवा भावना निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में समाजसेवी महेश सीमार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि समाज में जरूरतमंदों तक सहयोग पहुंचाना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि स्व. जगन्नाथ सीमार सदैव सेवा कार्यों में अग्रणी रहे और उनकी स्मृति में किया गया यह आयोजन उनके आदर्शों का पालन करते हुए समाजसेवा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प है।

उन्होंने संघ के सभी सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान गिरधारीलाल सीमार ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि श्याम परिवार संघ ने सदैव रतनगढ क्षेत्र में सेवा एवं परोपकार की मिसाल कायम की है।

इस सेवा कार्यक्रम में एडवोकेट निर्मल भुढाडरा, पत्रकार नारायण प्रसाद सैनी, नंदलाल माटोलिया, सांवरमल माटोलिया, राम, लखन सीमार सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। गर्म वस्त्र व खाद्य सामग्री वितरण का यह कार्यक्रम देर तक चलता रहा, जिसमें बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने बढ-चढकर लाभ लिया।

# सिंघानिया विश्वविद्यालय में खेलो इंडिया यूथ कबड्डी के लिए गर्ल्स कैंप शुरू

**झुंझुनूं,** (निसं)। सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी में खेलो इंडिया एवं यूथ कबड्डी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्ल्स कबड्डी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप 27 नवंबर तक संचालित होगा।

कैंप में किसी भी विद्यालय, कॉलेज या संस्थान की इच्छुक लड़कियां भाग ले सकती हैं। पंजीकरण के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 500 रुपए रखा गया है। जबकि कैंप अवधि के दौरान प्रतिभागियों के रहने-खाने की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम मोबाइल नंबर 9467529744 पर करवाकर पंजीकरण करा सकती हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह पहल ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों की छात्राओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी और कबड्डी जैसे भारतीय खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह बढ़ाएगी। सिंघानिया विश्वविद्यालय ने सभी इच्छुक छात्राओं से समय पर पंजीकरण करवाने की अपील की है।



सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी में खेलो इंडिया एवं यूथ कबड्डी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गर्ल्स कबड्डी कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### 'अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में 31 दिसम्बर तक आवेदन करें'

**सीकर** (निसं)। कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक मामलात विभाग, जयपुर द्वारा अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में ऑनलाईन आवेदन लिए जा रहे है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि जिला मुख्यालय पर संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के राजकीय महाविद्यालयों के शैक्षिक पाठ्यक्रमों (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लिए) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, जैन, ईसाई, बौद्ध, पारसी) के वे छात्र (केवल बालक) जो घर से दूर रहकर (जो जयपुर जिला मुख्यालय, नगर परिषद् सीमा से बाहर के निवासरत हो) जयपुर मुख्यालय पर कमरा किराया लेकर (पेइंग गेस्ट के रूप में) अध्ययन कर रहे है। ऐसे छात्रों हेतु आवास, भोजन एवं बिजली-पानी इत्यादि सुविधाओं हेतु पुनर्भरण राशि के रूप में अम्बेडकर डीबीटी वाउचर के अन्तर्गत महाविद्यालय में प्रवेश माह अनुसार राशि 2000 रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह के लिए) योजनान्तर्गत दी जाएगी। शैक्षिक सत्र 2025-26 में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों द्वारा उक्त योजना हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31.12.2025 है। इच्छुक आवेदन एसएसओ पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय के दूरभाष सं 0141-2785723 पर सम्पर्क करें।

### योग शिविर आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। पतंजलि योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय योग शिविर में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार ने योग साधकों को सुबह पांच से सात बजे तक निःशुल्क ऑनलाइन एवं ऑफलाइन योगाभ्यास करवा रहे हैं। योग शिविर में आने वाले योग साधक पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी ने कहा कि उन्होंने विगत पांच माह से नियमित योग क्लास में आकर योगाभ्यास के द्वारा उनकी शुगर, बीपी और बैड कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल ही नहीं बल्कि क्योर किया है। जबकि में पिछले 15 साल से मधुमेह ओर उच्चरक्त चाप से पीड़ित था। उन्होंने कहा कि आज में कोई दवा नहीं लेता हूं और वे बिल्कुल स्वस्थ है। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा बजरंगसिंह शेखावत, संपत्त बारूपाल, रामनिवास जिनोलिया, जितेंद्र टीबडा, संजय अग्रवाल, महर्षि दयानंद जिला योग समिति की मंत्री सुनिता नूनियां, खुशी नूनियां, मनीराम खालिया, ओमप्रकाश मीणा, बनवारीसिंह राठौड, सत्यदेव दडिया, सुमित्रा खालिया, रजनी जिनोलिया, सावित्री चौधरी, प्रेम पूनियां, प्रीति शर्मा, मीना अग्रवाल, शबाना खान भी उपस्थित थे।

### अटल जन सेवा शिविर एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम प्रगति पर है। विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए माह नवम्बर के द्वितीय गुरूवार को आयोजित होने वाले अटल जन सेवा शिविर तथा तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।

## विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी तथा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**झुंझुनू** (निसं)। सीएलसी द्वारा संचालित सीबीएसई स्कूल सीएचएस में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान, कला और खेल के क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई, जिसके बाद स्वागत गीत ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया।

इस अवसर पर आयोजित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण, रोबोटिक्स एवं आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे और सभी ने बच्चों की सोच व रचनात्मकता की सराहना की।कार्यक्रम के दौरान आयोजित कला प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र, पोस्टर तथा हस्तशिल्प प्रदर्शित किए, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की खेल भावना और टीमवर्क ने सभी को प्रभावित किया। सीएचएस ऐकडेमिक हेड उपकरण सिंह ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

For Sale/ eAuction: Fire, Heat & Smoke affected Cotton -35.330 MT lying at Dhuneshwar Agro Industry ,Khasra No-972/281,Vill-Peepali,The-Surajgadh ,Jhunjhunu,333001. Contact Person for Physical Inspection - Mr. Sita Ram Saini (Mobile No. +91-8690348313) Last Date For Inspection & EMD Deposit -23.11.2025 & Date Of E-auction - 24.11.2025 (3PM), Auctioneer: 9625137014 (Insurance Claim Material Will Be Sold On 'As Is Where Is', 'Whatever There Is' And' No Complaint' Basis).

For More details
Www.Salvagemanagers.Com/
Support@Salvagemanagers.Com.

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ 62059 दिनांक: 19/11/2025

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नं. 21 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने अपने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 176.48 वर्गमीटर का नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती शिमला देवी पत्नि श्री राजकुमार जाति सोनी के नाम से साईज 211.08 वर्गगज का जारीशुदा है। श्रीमती शिमला देवी ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 28.10.2025 द्वारा श्री शिव कुमार शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा को बैचान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ 62125 दिनांक: 19/11/2025

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रेम कुमार-राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री साहबराम जाति कुम्हार निवासी वार्ड नं.23 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने दानपत्र से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 2513.20 वर्गफुट का अपने-अपने नाम से नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती शाति पत्नि श्री भादरराम जाति कुम्हार के नाम से साईज 2513.20 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्रीमती शाति ने उक्त भूखण्ड में से 1256.6 वर्गफुट(पश्चिमी हिस्सा) श्री प्रेमकुमार व साईज 1256.6 वर्गफुट(पुर्व हिस्सा) श्री राजेन्द्र कुमार को जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 18.11.2022 द्वारा अपने पौत्रो को दान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने-अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका रावतसर

**उत्तर पश्चिम रेलवे** हॉल्ट एजेंट हेतु आमंत्रण सूचना

**कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट की नियुक्ति हेतु जन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल के निम्नलिखित हॉल्ट स्टेशन के संचालन हेतु पाँच वर्ष की अवधि के लिए हॉल्ट स्टेशन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों से, जो उस जिले के निवासी हो, जिसमे हॉल्ट स्टेशन स्थित है, तथा जो कमीशन आधार पर हॉल्ट एजेंट के रूप में कार्य करने के इच्छुक हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्रम.सं. | हॉल्ट स्टेशन का नाम |
|---|---|
| 1 | नोसरिया |
| 2 | जोडकियां |

आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष दिनांक 18.12.2025 तक तथा दसवी पास हो। आवेदन पत्र मण्डल रेल प्रबन्धक, (वाणिज्य) उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर मण्डल कार्यालय में दिनांक 18.12.2025 को 17.00 बजे तक पहुँच जाने चाहिए। दिनांक 18.12.2025 (18 दिसम्बर 2025) के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रार्थी आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे (स्वयं द्वारा सत्यापित)
(1) दसवी पास शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र ।
(2) आयु का प्रमाण पत्र (18 वर्ष से अधिक )
(3) सरकारी अस्पताल के द्वारा जारी किया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जिसमे स्पष्ट हो कि उनमे कार्य करने की क्षमता है तथा वे किसी बीमारी से पीड़ित नहीं है ।
(4) पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र ।
(5) आवेदक उसी जिले का स्थायी निवासी होना चाहिए,जिसमें हॉल्ट स्टेशन स्थित है, का मूल निवास प्रमाण पत्र।

आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी वाणिज्य शाखा, मण्डल कार्यालय, बीकानेर में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है। 1488-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

# पुलिस पहरे में एथेनॉल फैक्टरी का निर्माण शुरू, कलेक्टर से मिलने नहीं गए ग्रामीण

## किसान व ग्रामीण टिब्बी के गुरुद्वारा सिंह सभा में इकट्ठे हुए और निर्माण कार्य का विरोध किया

- राठीखेड़ा गांव के 15 किलोमीटर दायरे में लगातार दूसरे दिन भी इंटरनेट बंद है
- पूरा इलाका छावनी बना हुआ है, इलाके में धारा 144 लागू, गांव में लोगों की आवाजाही बंद

**हनुमानगढ़,** (निसं)। राठीखेड़ा गांव के 15 किलोमीटर दायरे में लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी इंटरनेट बंद है। इलाका छावनी बना हुआ है। इलाके में धारा 144 लागू है। गांव में लोगों की आवाजाही बंद कर दी गई है।

मंगलवार देर शाम किसान प्रतिनिधिमंडल की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कंवर, गीता चौधरी, डीएसपी रमेशचंद्र माचरा, कर्ण सिंह, मीनाक्षी चौधरी और टिब्बी एसडीएम सत्यनारायण सुथार सहित प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता हुई। इस बैठक में किसान प्रतिनिधिमंडल की जिला कलेक्टर से वार्ता करने पर सहमति बनी थी। हालांकि, बुधवार को जिला कलेक्टर से वार्ता करने कोई नहीं गया। बुधवार दोपहर दो बजे किसान व ग्रामीण टिब्बी के गुरुद्वारा सिंह सभा में इकट्ठे हुए और फैक्टरी का निर्माण कार्य का विरोध किया।

जानकारी अनुसार लोगों ने अब निर्णय लिया है कि अब रोजाना गुरुद्वारा साहिब में ही बैठक की जाएगी और आंदोलन के आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

किसान नेता सुभाष मक्कासर ने बताया कि आज टिब्बी के गुरुद्वारा सिंह सभा में एथेनॉल फैक्टरी के विरोध में किसानों ने बैठक की है। बैठक के बाद सरकार व प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए अरदास की गई। उन्होंने बताया किसानों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा और शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार पूरा विवाद टिब्बी क्षेत्र के गांव चक पांच आरके में प्रस्तावित 400 करोड़ की एथेनॉल फैक्टरी के निर्माण से जुड़ा है। किसानों और ग्रामीणों के विरोध के बावजूद पुलिस की मौजूदगी में एथेनॉल फैक्टरी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

हनुमानगढ़ एएसपी जनेश तंवर ने बताया कि एथेनॉल फैक्टरी शुरू करवाने का काम पिछले दो-ढाई साल से चल रहा है। जिसे कल (मंगलवार) से शुरू कर दिया गया है। पर्याप्त जाब्ता तैनात है। कुछ लोगों ने झूठी अफवाहें फैलाकर भ्रमित कर रखा था। अब सभी लोगों को बात समझ में आ गई है कि इस फैक्टरी से इलाके का विकास होगा। फिलहाल इलाके में धारा 144 लागू है। आज रात 12 बजे तक इंटरनेट बंद है। आगे जैसी स्थिति होगी, प्रशासन वैसा ही निर्णय लेगा। मंगलवार को 6 लोगों को पुराने मुकदमों में गिरफ्तार किया था। 4 लोग, जो नाकाबंदी तोड़कर भागे थे, उन्हें अरेस्ट किया था।

चक पांच आरके में प्रस्तावित एथेनॉल फैक्टरी स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस की मौजूदगी में फैक्टरी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। पुलिस ने फैक्टरी के बाहर किसानों द्वारा धरने के लिए लगाए गए टीनशेड हटा दिए हैं। इसके साथ ही, फैक्टरी निर्माण के लिए बजरी और अन्य सामग्री का पहुंचना भी शुरू हो गया है। करीब डेढ़ साल से स्थानीय लोग और किसान एथेनॉल फैक्टरी का विरोध कर रहे हैं। इस बीच मंगलवार की अलसुबह करीब चार बजे किसान नेता महंगा सिंह समेत 10 किसान नेताओं की गिरफ्तारी के बाद लोग सड़कों पर उतर आए थे।

इसके बाद सुबह (मंगलवार) पांच बजे से ही राठीखेड़ा गांव के 15 किलोमीटर दायरे में इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। दोपहर करीब 1 बजे ग्रामीणों ने आक्रोश रैली निकाली। टिब्बी एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और धरने पर बैठे। समर्थन देने पहुंचे संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया सहित 70 लोगों ने सामूहिक रूप से गिरफ्तारी दी, जिन्हें कुछ समय बाद छोड़ दिया गया था।

# बेटे ने बुजुर्ग मां की हत्या की, आरोपी फरार

**अलवर,** (निसं)। नारायणपुर थाना क्षेत्र के लीलामंडा गांव में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां बेटे ने ही अपनी मां की हत्या कर दी। तुर्किया की ढाणी निवासी कमला देवी (66) पत्नी सूरजमल शर्मा की उनके बेटे राहुल शर्मा (28) ने सिर पर खाट की पाटी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना रात आठ बजे के बाद की बताई जा रही है। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो कमला देवी घर में मृत अवस्था में पड़ी मिली। ग्रामीणों ने तुरंत नारायणपुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सीएचसी पहुंचाया, जहां उसे मोर्चरी में रखवाया गया।

बुधवार सुबह एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच बासदयाल थानाधिकारी प्रदीप सिंह द्वारा की जा रही है। नारायणपुर थाना प्रभारी रोहिताश कुमार ने बताया कि आरोपी पुत्र वारदात के बाद से फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस टीम जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। इस अमानवीय घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## कच्चे मकान में आग लगी

**कोलायत,** (निसं)। चक विजय सिंह पुरा रोड पर एक कच्चे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित राजूराम नाई और पड़ोसियों ने मिलकर बच्चों और पशुओं को बाहर निकाला। राजूराम नाई ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि उन्हें संभलने का मौका नहीं मिला। घर में रखा सामान, महत्वपूर्ण दस्तावेज, जेवरात, नकदी और अनाज समेत सब कुछ जलकर राख हो गया।

# कंवरसेन लिफ्ट नहर में डूबने से महिला की मौत

**कालू,** (निसं)। लूणकरनसर के हरियासर गांव के पास कंवरसेन लिफ्ट नहर में एक महिला का शव मिला है। नहर में डूबने से महिला की मौत की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। लूणकरनसर थानाधिकारी गणेश कुमार बिश्नोई ने बताया कि मृतका की पहचान गोपल्याण के चक एक एलकेडी निवासी मूली देवी (35) पत्नी दुर्गाराम पचार के रूप में हुई है। मूली देवी अपने घर से लूणकरनसर बाजार घरेलू सामान लेने गई थी। दोपहर में उसका शव नहर में तैरता हुआ मिला। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल के आसपास जांच करने पर कंवरसेन लिफ्ट नहर के पटड़े पर कुछ दूरी पर एक मोबाइल और चप्पलें मिली हैं। महिला के पास लूणकरनसर से हरियासर की बस टिकट भी मिली है।

# बाड़मेर कलेक्टर टीना डाबी जल संचय जन भागीदारी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित

- टांका निर्माण के जरिए बारिश के पानी को सहेजने की अभिनव पहल के तहत प्रथम श्रेणी में चयनित बाड़मेर जिले को 2 करोड़ रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाड़मेर कलेक्टर टीना डाबी को सम्मान प्रदान किया।

**जयपुर/बाड़मेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल संचय-जन भागीदारी में बाड़मेर के प्रथम स्थान पर रहने पर जिला कलेक्टर टीना डाबी को पुरस्कृत किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार व जल संचय-जन भागीदारी पुरस्कार में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सभ्यता और जल में सीधा सम्बंध है। दुनियाभर की सभ्यताएं नदियों, बांधों के किनारे विकसित हुई। जल का महत्व इससे आंका जा सकता है कि वंदे मातरम का पहला शब्द सुजलाम है। सरकार के साथ ही व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक प्रयास और समन्वय से ही जल संरक्षण की योजनाओं को सफल बनाया जा सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्र और राज्य सरकारों, जिला प्रशासनों, ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के स्तर पर जल संरक्षण और उसके सुसंगत प्रबंधन को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने किसानों और उद्यमियों को जल का उपभोग कम करते हुए उत्पादन को अधिकतम करने के नवोन्मेषी तरीके अपनाने की सलाह दी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वपूर्ण अभियान कैच द रेन को बाड़मेर जिले में अपार सफलता मिली है। इसे जन आन्दोलन बनाकर धरातल पर लागू करने के लिए जिला कलेक्टर टीना डाबी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में अभूतपूर्व प्रयास किए हैं। इस नवावार को केन्द्र सरकार ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में प्रथम पुरस्कार के लिए चुना। टांका निर्माण के जरिए बारिश के पानी को सहेजने की अभिनव पहल के तहत प्रथम श्रेणी में चयनित बाड़मेर जिले को 2 करोड़ रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

कलेक्टर टीना डाबी ने इस सफलता का श्रेय बाड़मेर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों एवं कार्मिकों की टीम को देते हुए बताया कि टीम वर्क के चलते यह कामयाबी मिल पाई। आगामी समय में बेहतरीन कार्य करने का प्रयास किया जाएगा।

## 800 नशीली गोलियां पकड़ी, आरोपी फरार

**खाजूवाला,** (निसं)। यहां बीएसएफ की जी ब्रांच ने 800 नशीली गोलियां जब्त की। यह कार्रवाई चक 61 हेड के पास 20 केवाईडी सड़क मार्ग पर की गई। इस दौरान एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया।

बीएसएफ की जी ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक युवक मोटरसाइकिल पर नशीली गोलियां लेकर जा रहा है। टीम ने खाजूवाला के चक 61 हेड के पास 20 केवाईडी सड़क मार्ग पर नाकाबंदी की। बीएसएफ टीम को देख युवक भाग निकला। बीएसएफ जी ब्रांच के डिप्टी कमांडेंट महेशचंद्र जाट के नेतृत्व में और इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में यह कार्रवाई की गई। टीम ने मौके से 800 नशीली गोलियां और एक मोटरसाइकिल जब्त की। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार ने खाजूवाला पुलिस को सूचना दी। सूचना पर खाजूवाला थाना के हेड कॉन्स्टेबल मोनू सिंह मीणा मौके पर पहुंचे और नशीली गोलियां जब्ती की।

# हेलीकॉप्टर से भात न्यौतने पहुंची बहन, गांव में उत्साह



हेलीकॉप्टर को देखने के लिए मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

**अलवर/पावटा,** (निसं)। नारायणपुर नगरपालिका क्षेत्र में बुधवार को एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला। पावटा के पास आतेला के केरली गांव से एक बहन अपने पति के साथ हेलीकॉप्टर से बेराला की ढाणी पहुंची। वह अपने बेटे की शादी के लिए भाइयों को भात न्यौतने पहुंची तो ग्रामीणों में उत्साह का आलम ऐसा था कि आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग हेलीकॉप्टर को देखने के लिए मौके पर इकट्ठा हो गए।

परिजनों के अनुसार भांजे कृष्ण कुमार यादव की शादी को यादगार बनाने के लिए यह अनोखा फैसला लिया गया। गणपत यादव ने बताया कि करीब 20 दिन पहले ही उन्हें हेलीकॉप्टर से भात आने की सूचना मिल गई थी, जिसके बाद परिवार में तैयारियां शुरू हो गई। इस आयोजन के पीछे एक भावनात्मक कारण भी जुड़ा है। दूल्हे के पिता प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने 1986 की एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि मेरी शादी के समय एक अफवाह थी कि लड़का हेलीकॉप्टर से आएगा। मेरे पिताजी छोटूराम यादव का भी मन था कि मेरा बेटा हेलीकॉप्टर से शादी करने जाए लेकिन उस समय उनकी यह मन की इच्छा पूरी नहीं हो पाई लेकिन उनके पोते कृष्ण ने अपनी शादी में दादाजी की मन की इच्छा को पूरा किया यह गर्व की बात है। और दादाजी की यही इच्छा इस भव्य उड़ान का कारण बनी। यह एक उड़ान नहीं बल्कि एक भावनात्मक सफर है, जिसे परिवार ने वर्षों बाद पूरा किया। वही हेलीकॉप्टर द्वारा पूरे परिवार को भ्रमण करवाया गया।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

- तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी थी
- खेत पर जाते समय हादसा हुआ

**पावटा,** (निसं)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बा स्थित पदमा होटल के आगे जयपुर- दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उनको नजदीकी उपजिला अस्पताल पावटा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया व पुत्र को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रागपुरा थाना पुलिस कांस्टेबल रामभरोसे ने बताया कि जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप गाड़ी ने प्रागपुरा निवासी बाइक सवार बाबूलाल स्वामी पुत्र रामचंद्र स्वामी व उनके साथ बाइक पर पीछे बैठे उनके पुत्र सुनील स्वामी को टक्कर मार दी। रोजाना की तरह वह दोनों के साथ बाइक पर सवार होकर अपने खेत पर काम करने के लिए जा रहे थे। खेत पर जाते वक्त बुधवार दोपहर को उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए व गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन के साथ मौके से फरार हो गया। वहीं, अस्पताल में कुछ देर इलाज के बाद डॉक्टरों ने बाबूलाल को मृत घोषित कर दिया, जिनका उपजिला अस्पताल पावटा की मोर्चरी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# बर्फीली हवाओं से सर्दी का असर बढ़ा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से सर्दी का असर बढ़ गया है। श्रीगंगानगर जिले के ग्रामीण इलाकों में सर्द हवाएं चल रही हैं और कुछ जगहों पर हल्के बादल भी छाए हुए हैं। जिससे दिन में भी सर्दी का एहसास हो रहा है। कृषि अनुसंधान केंद्र, श्रीगंगानगर पर बुधवार सुबह का न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री रिकार्ड किया गया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था। वहीं, सोमवार को यहां अधिकतम तापमान 31 डिग्री डिग्री और 11 न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया था। मंगलवार को दिन भर तेज धूप रहने से आज न्यूनतम तापमान में 0.9 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो इस बार सर्दी का दौर लंबा चलने वाला है। आमतौर पर फरवरी के मध्य तक सर्दी कम होने लगती है, लेकिन इस बार कड़ाके की ठंड फरवरी के अंत तक अपना असर दिखाएगी।

# दिल्ली ले जाकर युवक की जबरन शादी कराई

## घर से जेवर-नकदी भी गायब करवाए, दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अजमेर,** (निसं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में एक युवक को बहला-फुसलाकर दिल्ली ले जाकर जबरन शादी करवाने और उससे पहले उसके घर से लाखों के जेवर व नकदी चोरी करवाने का आरोप लगा है। पीड़ित युवक की मां की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार गुर्जर धरती नगर निवासी पीड़िता एक बुजुर्ग महिला ने कोर्ट के जरिए रिपोर्ट पेश कर खुलासा किया कि उसके बेटे के एक दोस्त ने उसे यह कहकर दिल्ली भेजा कि वह वहां किसी एग्जाम की तैयारी कराने और नौकरी दिलवाने में मदद करेगा। बेटे को दिल्ली भेजने से पहले आरोपी ने घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी करवाए। पीड़िता ने बताया कि बेटा दिल्ली पहुंचते ही एक साजिश का शिकार हो गया। उसके दोस्त ने वहां मौजूद कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर युवक की जबरन आर्य समाज मंदिर में शादी करवा दी। इतना ही नहीं, विवाह प्रमाण पत्र में उसके बेटे की जन्मतिथि में काट-छांट कर गलत तरीके से दर्ज करवाया गया, जिससे शादी को वैध दिखाया जा सके। पीड़ित मां ने आरोप लगाया कि शादी के बाद आरोपी पक्ष उसके बेटे को वापस घर भेजने के बदले प्रॉपर्टी और बड़ी रकम अपने नाम करवाने की धमकियां दे रहा है।


कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता क्षैत्रीय उद्योगशाला खण्ड, नर्मदा नहर परियोजना, सांचौर

क्रमांक-1212 दिनांक-08.11.2025

नीलामी सूचना निरस्त आदेश

इस कार्यालय द्वारा जारी नीलामी सूचना संख्या 01/2025-26 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

अधिशाषी अभियन्ता
क्षैत्रीय उद्योगशाला खण्ड
न.न.प. सांचौर

DIPR/C/16947/2025


# खरीफ प्याज की स्थिति का आकलन करने खैरथल पहुंचा केंद्रीय दल

## केंद्रीय दल ने कृषकों व व्यापारियों से फीडबैक लिया

- कृषि उपज मंडी सभागार में अधिकारियों, व्यापारियों एवं कृषकों के साथ बैठक की
- फील्ड विजिट कर आकलन किया और कहा कि प्याज निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं है



खैरथल में प्याज की स्थिति का केंद्रीय दल के अधिकारियों ने आकलन किया।

**खैरथल,** (निसं)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय दल ने बुधवार को खैरथल पहुंचकर खरीफ प्याज की स्थिति का आकलन कर कृषि उपज मडी सभागार में व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट भी साथ रहे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से खैरथल खरीफ प्याज की स्थिति का आंकलन करने उप कृषि विपणन सलाहकार विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय बी. के. पृष्टि, उप निदेशक उद्यान तकनीकी प्रभाग डॉ. बी.डी निगम, उप निदेशक समन्वित कीट प्रबंधन अर्जुनाल बैरवा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मूल्य निगरानी प्रभाग चिराग भाटिया, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी ए. के सिंह पहुंचे थे। केंद्रीय दल के अधिकारियों ने बैठक कर खरीफ प्याज के उत्पादन, वर्तमान भाव, भण्डारण इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की तथा व्यापारियों एवं कृषकों से खरीफ प्याज के भण्डारण एवं भाव सुधार के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही, प्याज के भाव सुधार एवं परिवहन हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और किसानों को कहा केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है, प्याज का निर्यात लगातार जारी है।

इसके उपरान्त केंद्रीय दल के अधिकारियों द्वारा जिले के प्याज उत्पादक कृषकों के खेतों का अवलोकन कर प्याज उत्पादन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा कर कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित नवीन तकनीकों को अपनाने का सुझाव दिए। साथ ही, कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एनपीएसएस एप डाउनलोड करवाया। इस दौरान संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार विजय सिंह, उपनिदेशक उद्यान गोपाल लाल मीना, सहायक निदेशक उद्यान सुभाष चन्द्र, मंडी सचिव राजेश कर्दम कृषि अधिकारी मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे।

## 634 अभ्यर्थियों की सूची जारी

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कारागार विभाग हेतु उप कारापाल के पदों के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।

आयोग सचिव ने बताया कि 13 जुलाई 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करने वाले कुल 634 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पात्रता की शर्त पर सूची में सम्मिलित किया गया है। न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार, राजस्थान, जयपुर द्वारा आमंत्रित एवं यथासमय सूचित किया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता सम्बन्धी जाँच अभी नहीं की गई है। यह जाँच साक्षात्कार के समय की जाएगी।

**58 अभ्यर्थी अयोग्य घोषित** :-ओएमआर उत्तरपत्रक में 10 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों में 5 विकल्पों में से कोई भी विकल्प नहीं भरने के कारण 58 अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किया गया है। इन अभ्यर्थियों के रोल नंबर आयोग की वेबसाइट पर अलग से जारी कर दिए गए हैं।


OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER, STAGE IIND CIRCLE IGNP, BIKANER

Mobile: 9982133108 email- sessclbkn@gmail.com

S.No. 870 TENDER NO. 01 Year 2025-26 DATE: 13.11.2025

On behalf of Govt. of Rajasthan Tender No. 01 year 2025-26 are invited from eligible contractor for the work for the year 2025-26

The details are available on following Website:
www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in
IGB CODE: IGB2526A0075

| S.NO. | UBN NO. | Amount (in lakhs) |
|---|---|---|
| 1 | IGB2526WSOB00447 | 100.00 |
| | TOTAL | 100.00 |

Superintending Engineer
Stage IInd Circle Ist,
I.G.N.P. Bikaner

DIPR/C/16892/2025

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

क्रमांक : एफ-46/आवंटन (जोन-2)/2025 दिनांक :- 14.11.2025

आम सूचना

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना, मोगड़ा, पाली राड़े के ऑनलाईन आवेदन पंजीकरण की दिनांक 16/11/2025 व ऑनलाईन आवेदन-फार्म प्राप्ति की दिनाकं 18/11/2025 प्रस्तावित थी। उक्त योजना के ऑनलाईन आवेदन पंजीकरण की अवधि आगे बढ़ाई जाकर दिनांक 01/12/2025 व ऑनलाईन आवेदन फार्म प्राप्ति दिनांक 03/12/2025 की जाती है। योजना की लॉटरी दिनांक 10/12/2025 को प्रस्तावित है।

नोट :- उपर्युक्त कार्यक्रम व अन्य अपडेट प्राधिकरण पोर्टल Joda.rajasthan.gov.in से लिये जा सकेंगें।

राज.संवाद/सी/25/14111 उपायुक्त (जोन 2)

Livestock Research Station, Bikaner

Directorate of Research, Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences, Bikaner
Vijay Bhawan Palace Complex, Pt. Deendayal Upadhayay Circle, Bikaner-334001
Email : lrsbikaner@gmail.com, Mob. 9828122277

No. :- LRS/BKN/2025-26/280 Date :- 13/11/2025

नीलामी सूचना 01/2025-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर, राजुवास, बीकानेर पर उपस्थित राठी नस्ल के 63 पशुओं (49 गाय व 14 बछडी) की नीलामी तिथि 15.12.2025 से समय प्रातः 11:00 बजे स्थान पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बीकानेर पर की जानी है। जो भी व्यक्ति / संस्थान नीलामी में सम्मिलित होना चाहते है वे निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर पशुओं की नीलामी की निर्धारित धरोहर राशि 2000/- नगद / D.D. जमा करवा के नीलामी में सम्मिलित हो सकेगे। नीलाम किये जाने वाले पशुओं का विवरण एवं शर्तों का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rajuvas.org पर किया जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/14129 प्रभारी अधिकारी, एल.आर.एस., बीकानेर

# प्रदेश के सातों संभागों में 6 हजार महिलाओं और युवतियों ने किया घूमर नृत्य

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नगाड़ा बजाकर किया घूमर महोत्सव का आगाज

- जयपुर में भव्यता, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया राज्यस्तरीय घूमर महोत्सव
- तलवारीबाजी संघ की बच्चियों ने आत्मरक्षा व आक्रमण शैलियों को मंच पर साकार किया


उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में राज्य स्तरीय घूमर महोत्सव को संबोधित किया।

**जयपुर ( कासं )।** उपमुख्यमंत्री और पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी की पहल पर ऐतिहासिक रूप से पहली बार राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से राजस्थान की लोक-संस्कृति, पारंपरिक कलाओं और जनभागीदारी आधारित सांस्कृतिक मॉडल को नई दिशा देने के उद्देश्य से बुधवार को राज्य के सातों संभागीय मुख्यालयों पर एक साथ भव्य घूमर महोत्सव आयोजित हुआ। इस आयोजन को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया, जिसमें राजस्थान के सातों संभागों में आयोजित घूमर महोत्सव में एक साथ लगभग 6 हजार महिलाओं और युवतियों ने घूमर नृत्य किया।

यहां यह भी उल्लेखनीय कि इस गरिमा पूर्ण उत्सव में उपमुख्यमंत्री और पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने भी सांकेतिक रूप से जयपुर सांसद मंजू शर्मा और वहां उपस्थित अन्य गणमान्य महिलाओं के साथ घूमर नृत्य कर, इस नृत्य की सांस्कृतिक भव्यता उजागर किया और इस महोत्सव में सहभागिता कर रही युवतियों और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। घूमर महोत्सव के दौरान घूमर की सबसे प्राचीन शैली की प्रस्तुति एक बार हो पिया जयपुर शहर पधार जो.... गीत पर दी गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम के फुटबॉल ग्राउण्ड में राज्य स्तरीय घूमर महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें महिलाओं तथा युवतियों ने बड़ी संख्या सहभागिता कर राजस्थान की सांस्कृतिक परम्पराओं को जीवंत कर दिया। लय-ताल और सुरों की जुगल बंदी से सुसज्जित और सुगठित घूमर महोत्सव ने राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा को प्रदर्शित किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर नगाड़ा बजाकर घूमर महोत्सव का आगाज किया। उन्होंने विद्याधर नगर स्टेडियम में उपस्थित मातृशक्ति का अभिवादन किया साथ ही बहनों और बेटियों का स्नेहाशीष देते हुए कहा कि आज वो समय आ गया है जब हमें राजस्थान की लोक संस्कृति, लोक कलाओं और विरासत को नई पीढी तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा की राजस्थान की संस्कृति के पर्यायवाची घूमर नृत्य को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन हर वर्ष वृहद स्तर पर किया जाएगा। दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सांस्कृतिक परंपराओं को जनभागीदारी और नवाचारों के साथ जोड़कर एक स्थायी मॉडल तैयार किया जाए, जिससे राजस्थान का पर्यटन व्यापक और सशक्त रूप में उभर कर आये। उन्होंने कहा कि घूमर फेस्टिवल को दीर्घकालिक रूप से राज्य की सांस्कृतिक पहचान के रूप में स्थापित करने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कैलेंडर में शामिल कराने की संभावनाओं को भी तलाशा जाएगा। इस अवसर पर घूमर व प्रदेश के अन्य लोकनृत्यों को संरक्षण देने वाली स्व.पदमश्री राजमाता गोवरधन कुमारी को श्रद्धाजंलि देते हुए उनके कार्यों पर पर एक लघु वृतचित्र भी दिखा गया।

कार्यक्रम की शुरूआत गणगौर डांस अकादमी की कलाकारों द्वारा घूमर के लंजो..म्हारौ आलाजी लेता आइजो.. से हुई जिसमें एक विवाहित महिला अपने पति से श्रृंगार के समान लाने का आग्रह करती है लेकिन यह भी शर्त भी रखती है कि सारा श्रृंगार का साजो-सामान रत्नजड़ित होना चाहिए। दूसरी प्रस्तुति में विरह की पीड़ा में झेलती नायिका अपनी बैरन से अनुरोध करती है कि उसके पति को आदर से नायिका के पास भेजा जाए... यह प्रस्तुति जलाल-बिलाला के नाम के दी हई।

तलवारीबाजी संघ के बच्चियों ने इस अवसर पर आत्म रक्षा व आक्रमण की शैलियों को मंच पर साकार किया तो स्टेडियम में उपस्थित जन समूह जोश से भर गया।

जयपुर के विद्यधर नगर स्टेडियम में दोपहर से महिलाओं और युवतियों का आगमन शुरू हो गया। रंग बिरंगी पोशाक में सजी संवरी महिलाओं और युवतियों ने दोपहर से नृत्य अभ्यास किया वहीं वे सेल्फी लेती दिखाई दिखाई दी। जयपुर और जोधपुर में 1500 से अधिक पंजीकरण प्राप्त होने पर इन दोनों शहरों को उच्च श्रेणी पुरस्कार श्रेणी में शामिल किया गया है। इन दोनों संभागों में बेस्ट ग्रुप डांस, बेस्ट कॉस्ट्ययूम, बेस्ट ज्वेलरी, बेस्ट सिंक्रोनाइजिंग और बेस्ट कोरियोग्राफी श्रेणियों में कुल 2 लाख 34 हजार रु. के पुरस्कार प्रदान किए गए।

अन्य पाँच संभागों के लिए कुल 1 लाख 4 हजार की निर्धारित राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।

# एक माह में 2 लाख उपभोक्ताओं ने दी स्वयं का रूफ टॉप लगाने की सहमति

## अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा से जोड़ें : मंत्री हीरालाल नागर



ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को विद्युत भवन में विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

**जयपुर ।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना में उपभोक्ताओं के लगातार बढ़ते रूझान पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

इसी का परिणाम है कि मात्र एक माह से कुछ अधिक समय में 2 लाख से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर स्वयं का रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाने की सहमति दी है। ऐसे उपभोक्ताओं को अब पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में देय 78 हजार रूपए की अधिकतम केन्द्रीय सहायता के साथ ही राजस्थान डिस्कॉम्स द्वारा 17 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाएगी। नागर बुधवार को विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने रबी सीजन में विद्युत आपूर्ति, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा हेम मॉडल के अन्तर्गत प्रदेश के सरकारी भवनों पर रूफ टॉप सोलर लगाने तथा विद्युत वितरण निगमों द्वारा स्मार्ट मीटर, 150 यूनिट प्रति माह निशुल्क बिजली योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की। श्री नागर ने निर्देश दिए कि 150 यूनिट योजना में अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को रजिस्ट्रेशन करवाकर स्वयं का रूफ टॉप सोलर लगाने के लिए प्रेरित किया जाए।

ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए कि रबी के सीजन में विद्युत की संभावित मांग को देखते हुए बिजली की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखी जाए। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा अपनी इकाइयों से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। प्रदेश में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने तथा इससे संबंधित परियोजनाओं को गति देने के निर्देश दिए जिससे कि पीक ऑवर्स की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

बैठक में ऊर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि जिन सरकारी कार्यालयों में रूफ टॉप सोलर परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए आवश्यक स्थान उपलब्ध नहीं है, उनमें वर्चुअल नेट मीटरिंग तथा ग्रुप नेट मीटरिंग मॉडल के आधार पर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम को इस संबंध में आवश्यक परीक्षण करने के निर्देश दिए।

राजस्थान डिस्कॉम्स की चेयरमैन आरती डोगरा ने बताया कि 150 यूनिट निशुल्क बिजली योजना में 13 अक्टूबर को पोर्टल के शुभारम्भ के बाद एक माह में ही 2 लाख 7 हजार 804 उपभोक्ताओं ने स्वयं का रूफ टॉप सोलर लगाने के लिए अपनी सहमति दी है।

उन्होंने अवगत कराया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत राज्य में 1 लाख 2 हजार 555 रूफ टॉप सोलर लगाए जा चुके हैं।बैठक में बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 11 जिलों में आदर्श सौर ग्राम का चयन किया जा चुका है।

बैठक के दौरान राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता ने सरकारी कार्यालयों में हेम मॉडल पर रूफ टॉप लगाने, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक ओम कसेरा ने रबी के सीजन में विद्युत उपलब्धता की तैयारियों के बारे में अवगत कराया।

बैठक में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी तथा ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव सौरभ स्वामी मौजूद रहे।

जोधपुर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल एवं अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक केपी वर्मा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

# बिहार पराजय से बौखलाए गहलोत, जनता के बीच अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे : मदन राठौड़

## लोकतांत्रिक संस्थाओं पर आरोप लगाना कांग्रेस की पुरानी आदत : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर ( कासं )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगाए गए गंभीर और आधारहीन आरोप निंदनीय हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं पर इस प्रकार का हमला केवल राजनीतिक भ्रम फैलाने और जनता को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देश की सबसे विश्वसनीय और संवैधानिक संस्था है। उस पर बेवकूफी, मिलीभगत और खराब नीयत जैसे शब्दों का प्रयोग करना अशोक गहलोत की हताशा और निराधार राजनीति को दर्शाता है। जब राजनीतिक जमीन खिसकने लगती है, तब ऐसे बयान कांग्रेस के नेताओं की आदत बन जाते हैं। एसआईआर तो वोटर लिस्ट को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया है। पहले भी एसआईआर होता रहा है। कांग्रेस जानबूझकर भ्रम फैला कर चुनावी व्यवस्था पर संदेह पैदा करना चाहती है, ताकि आने वाले चुनावों में अपनी संभावित हार का बहाना पहले से तैयार कर सके।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत द्वारा एसआईआर को आत्महत्याओं और बंगाल की घटनाओं से जोड़ना संवेदनशील मामलों को राजनीतिक रंग देने जैसा है। बिना किसी प्रमाण के इस तरह के दावे करना अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना है। जनता ऐसे बयानों को गंभीरता से नहीं लेती।गहलोत बार-बार जनता को सड़कों पर आने की बात कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को चुनौती देने जैसा है। यह साफ दिखाता है कि गहलोत बिहार चुनावी पराजय से डरे हुए है और वह जानबूझकर अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे है। बिहार में एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से 65 लाख ऐसे नामों को हटाया गया, जिसकी मृत्यु या पलायन या फिर नाम के दोहराव जैसे कारण सामने आए। ऐसे में इन लोगों का नाम डिटेक्ट और डिलीट करना गलत नहीं है।राठौड़ ने कहा कि भाजपा पूरी तरह पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के पक्ष में है। चुनाव आयोग हर दल को समान अवसर देता है। आयोग पर इस तरह का हमला देश की संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को चोट पहुँचाने के बराबर है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत का बयान राजनीतिक दिवालियापन और बौखलाहट का चरम है। संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। चुनाव आयोग पर उंगली उठाने से पहले गहलोत को अपने गिरते जनाधार और कांग्रेस की चरमराती हालत पर नजर डालनी चाहिए।

# डीजीपी ने आतंकवादी घटनाओं पर सतर्कता के निर्देश दिए

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा ने क्राइम बैठक ली। इस बैठक में सभी रेंज पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) विडियो क्रांन्फिंग से जुडे। इस वीसी में पुलिस महानिदेशक शर्मा ने देश की आतंकवादी घटनाओं को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतने के दिए निर्देश दिए। इस वीसी में पुलिस महानिदेशक (लॉ एंड ऑर्डर) संजय अग्रवाल, डीजी (स्पेशल ऑपरेशन) आनंद श्रीवास्तव और अन्य सीनियर पुलिस अफसर मौजूद रहे।

पुलिस महानिदेशक शर्मा ने राज्य के क्राइम, कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक, अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, फायरिंग, लेन ड्राइविंग, आइगोट प्लेटफार्म से कोर्स करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा देश की आतंकवादी घटनाओं को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए। तकनीकों का यूज कर क्राइम कंट्रोल करने का सुझाव दिया। टीम राजस्थान पुलिस को प्रो-एक्टिव होकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जीरो टॉलरेंस की बात कहीं। टूरिस्ट सीजन में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं-सहयोग देने की कहा गया। सार्वजनिक स्थानों और बार्डर एरिया के सीसीटीवी कवरेज, अभय कमांड सेंटर से लिंकेज करने पर जोर दिया।

# बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** कालवाड थाना पुलिस ने वारदात की फिराक में छिपकर बैठे एक वांटेड बदमाश गुमान (23) निवासी सांभर लेक जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया है।

जो पिछले तीन साल से फरारी काट रहा था। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# नशीला केक खिलाकर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती गांठकर कैफे में मिलने बुलाया था

- आरोपियों ने अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके पीड़िता से लाखों रुपए ऐंठे

**जयपुर ( कासं )।** झोटवाड़ा इलाके में एक नाबालिग लड़की को अनजान युवक से इंस्टाग्राम पर दोस्ती करना भारी पड़ गया। आरोपित ने नाबालिग को मिलने का झांसा देकर कैफे में बुलाया और तीन लड़कों ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित नाबालिग ने से आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़ता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इसकी जांच एसीपी झोटवाड़ा आलोक कुमार के सुपुर्द कर दी।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली महिला ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी के साथ तीन लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म किया । पीडिता की जानकारी आरोपी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जिसके बाद आरोपी ने मिलने के बहाने कैफे में बुलाया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध कर पीड़िता वहां से अपने घर लौट आई और आरोपी को खुद की इंस्ट्राग्राम आईडी पर ब्लॉक कर दिया। कुछ दिन बाद ही आरोपी ने दूसरी आईडी से मांफी मांगी ओर मिलने के लिए बुलाया। जिसके बाद आरोपी ने नशीला केक खिलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो और न्यूड फोटो बना लिए।

जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसे ऐंठते रहे। आरोप है कि 10 अक्टूबर को पीड़िता के मोबाइल पर एक लड़के ने कॉल करके बेटी के कुछ वीडियो दिखाने के लिए धमकी दे मिलने के लिए कहा। घर आने पर आरोपी ने मोबाइल पर दो अश्लील वीडियो दिखाए। जो दो लड़कों के साथ आपत्तिजन स्थिति में थे। इसके अलावा पांच-छह अश्लील फोटो भी दिखाए। आरोपी ने ये वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 2 लाख रुपए की मांग की। घबराई पीड़िता ने आरोपी को तुरंत 70 हजार रुपए निकाल कर दे दिए। बाकी पैसे के इंतजाम करने के लिए समय मांगा। पीड़िता ने आरोपी से फोटो और वीड़ियों डिलीट करने की गुहार की। 1 नवंबर को दूसरे लड़के ने पीड़िता को कॉल कर जल्द ही पैसे देने के लिए धमकाया और पैसे नहीं देने पर फोटो, वीडियो अश्लील वेबसाइट पर बेचने की धमकी दी। 26 सितंबर को आरोपी युवक ने 25 हजार रुपए लेकर आने के लिए धमकाया। धमकी से परेशान नाबालिग घर में रखे 12 हजार रुपए चोरी कर आरोपियों को लाकर दिए। कम रुपए लेकर देने पर आरोपियों ने धमकाया। आरोपी लड़कों ने वापस कैफे में रेप किया। अलग-अलग समय पर कॉल कर रुपयों की डिमांड करने लगे। ब्लैकमेल करने पर 3-4 बार पैसे व ज्वैलरी चोरी कर आरोपियों को दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# विश्व शौचालय दिवस पर प्रदेश के 7 निकायों में 10 महिला शौचालय का लोकार्पण

## सभी निकायों में महिला शौचालयों की गुणवत्ता, नियमित रखरखाव और जनसुलभता सुनिश्चित की जाए : मंत्री झाबर सिंह खर्रा

- राज्य में 7938 शौचालय सीटों के निर्माण का लक्ष्य, इनमें से 672 सीटों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका : रवि जैन



यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और स्वायत्त शासन सचिव रवि जैन ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए महिला शौचालयों का लोकार्पण किया।

**जयपुर ( कासं )।** विश्व शौचालय दिवस, जो प्रतिवर्ष 19 नवम्बर को मनाया जाता है, इस वर्ष बदलती दुनिया में स्वच्छता थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में एस्पिरेशनल शौचालयों का ऑनलाइन लोकार्पण किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 7 नगरीय निकायों-जोधपुर, भरतपुर, गंगापुर सिटी, जयपुर, सिरोही, प्रतापगढ़ एवं शाहपुरा (जयपुर)-में नव निर्मित 10 एस्पिरेशनल/पिंक (महिला) शौचालयों का लोकार्पण नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सचिव स्वायत्त शासन विभाग रवि जैन एवं स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अधिकारियों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

सचिव रवि जैन ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य के सभी नगरीय निकायों में एस्पिरेशनल/पिंक टॉयलेट्स का निर्माण चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सुलभ शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि राज्य में 7938 शौचालय सीटों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से 672 सीटों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। बजट घोषणा 2024-25 के अंतर्गत 86 पिंक टॉयलेट ब्लॉक्स (458 सीटें) के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है, जिनमें 132 सीटों का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 500 पिंक टॉयलेट्स के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जिनमें से 422 टॉयलेट ब्लॉक्स को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

लोकार्पण के दौरान मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि एस्पिरेशनल/पिंक (महिला) शौचालयों की गुणवत्ता, नियमित रखरखाव और जनसुलभता सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रदेश की शहरी स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाया जा सके।

कार्यक्रम के समापन पर निदेशक, स्वायत्त शासन जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और राज्य को शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता प्रदीप गर्ग, अरुण व्यास सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे ।

# नहाते समय 7 साल के बच्चे से कूकर्म, आरोपी गिरफ्तार

- विरोध पर उतरे स्थानीय लोग, मौके पर पहुंची पुलिस ने की समझाइश

**जयपुर।** महेश नगर इलाके में पडौस में रहने वाले युवक ने नहाते समय एक 7 साल के नाबालिग को बाथरुम में पकड़ लिया और उसके साथ कूकर्म किया। जानकारी मिलने के बाद पडौसियों में रोष फेल गया और गुस्साए स्थानीय लोगों ने आरोपी के कार्यस्थल पर पहुंच कर उसका घेराव कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लोगों से समझाईश कर मामला शांत करवाया।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार को 7 वर्षीय नाबालिग बाथरुम में नहा रहा था। इसी दौरान पडौस में रहने वाला 30 वर्षीय युवक बाथरुम में घुस गया और उसके साथ कुकर्म किया। आरोपी ने किसी को ये बात बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

देर शाम नाबालिग गुमशुम बैठा रहा तो परिजनों ने गुमशुम होने की वजह पूछी। जिसके बाद पीड़ित नाबालिग ने रोते हुए पडौस में रहने वाले अंकल की करतूत के बारे में बताया। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुस्साए परिजनों ने आरोपी को उसके कार्यस्थल पर जाकर दबोच लिया।

सात साल के नाबालिग के साथ हुए कूकर्म की खबर पूरे इलाके में आग की तरफ फेल गई और धीरे-धीरे स्थानीय लोग की भीड़ आरोपी के कार्यस्थल के सामने जमा हो गई। भीड़ जमा होने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी लेते ही तुरंत नाबालिग का जयपुरिया अस्पताल में मेडिकल करवाया और आरोपी युवक को डिटेन कर लिया।

# राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन आज

**जयपुर ( कासं )।** राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन 2025 का आयोजन शुक्रवार 21 नवम्बर को राजस्थान पुलिस अकादमी में किया जा रहा है। सम्मेलन ऑफ़लाइन-ऑनलाइन में आयोजित होगा।

जिसमें जयपुर मुख्यालय पर पदस्थ आईपीएस, आरपीएस अधिकारी व्यक्तिगत रूप से तथा अन्य रेंजों,जिलों के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी संजीब नर्जारी के अनुसार चार सत्रों में महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन होगा। वहीं सम्मेलन में राज्य की पुलिसिंग को उत्कृष्ट बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और भविष्य की चुनौतियों का समाधान खोजने पर चर्चा की जाएगी।पहला सत्र नए आपराधिक कानूनों पर केंद्रित होगा। जिसमें नए क्रिमिनल लॉ, विशेषकर सम्पत्ति संबंधी अपराधों एवं जालसाजी से सम्बंधित विशेष प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। दूसरा सत्र एआई, चैट जीपीटी, डीपफेक और आईओटी पर फोकस रहेगा। इस सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चैट जीपीटी, डीपफेक एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स की स्ट्रैंथ, वीकनेस, अपॉर्चुनिटी, थ्रेट (एसडब्ल्यूओटी) की जानकारी साझा की जाएगी। साइबर अपराध आज देश ही नहीं वैश्विक स्तर पर चिंता का विषय बन गया है, जिसमें युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। प्रतिभागियों को साइबर अपराध को समझने तथा उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# यूके की यूनिवर्सिटी में एडमिशन दिलाने का झांसा देकर 33 लाख की ठगी

## आरोपियों ने युवक से पैसे ले लिए और विदेश भेज दिया, लेकिन वहां पर बताई गई नाम की कोई यूनिवर्सिटी नहीं मिली

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** यूके की यूनिवर्सिटी में एडमिशन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक से पैसे ले लिए और विदेश भेज दिया। लेकिन वहां पर उसे बताई गई नाम की कोई यूनिवर्सिटी नहीं मिली। आरोपी अब पैसे लौटाने से मना कर रहे हैं। मामला श्रीगंगानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में राजकुमार (45) निवासी साधुवाली (श्रीगंगानगर) में बताया कि उसका बेटा सागर 12वीं पास कर यूके में पढ़ाई करना चाहता था। मई 2025 में शिकायतकर्ता व उसके बेटे की जान-पहचान साधुवाली के अनुराग नाम के शख्स से हुई। अनुराग ने 22 लाख में स्टडी वीजा और यूनिवर्सिटी में एडमिशन दिलाने का झांसा दिया। जब राजकुमार ने पैसे नहीं होने की बात कही तो अनुराग ने उसे स्टडी लोन दिलवाने की बात कही। जिसके बाद आरोपियों ने राजकुमार के बेटे का स्टडी लोन अप्रुव करवा दिया। कुछ दिनों बाद युवक के अकाउंट में 33.87 लाख रुपए क्रेडिट हो गए। इसके बाद ठगों ने बाप-बेटे की चेकबुक, एटीएम कार्ड और पासवर्ड व खाली स्टाम्प अपने पास रख लिए। 24 से 28 जुलाई 2025 के बीच आरोपी अनुराग, नवल और साहिल ने युवक के अकाउंट से अलग-अलग बैंक अकाउंट में 33 लाख से ज्यादा रुपए ट्रांसफर कर लिए। जिसके बाद आरोपियों ने परिवार को बताया गया कि ब्रिस्टल (यूके) की यूनिवर्सिटी में सागर का एडमिशन हो गया। सागर की फीस जमा हो गई और वीजा आ गया।

तीन अगस्त को सागर को दिल्ली से यूके भेज दिया गया। ब्रिस्टल पहुंचते ही सागर को पता चला कि जिस यूनिवर्सिटी का पता अनुराग ने दिया था, वहां ऐसी कोई यूनिवर्सिटी है ही नहीं। जिसके बाद सागर ने पिता को फोन किया। राजकुमार जब अनुराग के इमीग्रेशन ऑफिस पहुंचे तो ठगों ने कहा कि उन्होंने ठगी की है और पहले भी ऐसे कई केस उनके खिलाफ हैं। आरोपियों ने चेकबुक-एटीएम कार्ड लौटाने से भी मना कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर स्वर्ण सिंह कर रहे हैं।

**सूने मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी :-** श्रीगंगानगर में सूने मकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व कैश चोरी करने का मामला सामने आया है। मकान मालिक अपने परिवार के साथ खाटूश्यामजी के दर्शन करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान चोरों ने मकान में धावा बोल दिया और चोरी कर भाग गए। घटना श्रीगंगानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र की है। पुलिस को दी रिपोर्ट में मकान मालिक मालिक महेश चंद (47) निवासी कृपाल नगर, सेतिया कॉलोनी (श्रीगंगानगर) ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खाटूश्यामजी (सीकर) के दर्शन करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान पीछे से उनके बंद पड़े मकान में चोरी हो गई। चोर मकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे और लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और अलमारी में रखे पांच लाख कैश चोरी कर भाग गए। वह जब (मकान मालिक और परिवार) अपने घर वापस लौटे तो देखा कि मकान में टूटे हुए ताले लटके रहे थे और मकान में चोरी हो चुकी थी। अंदर सामान बिखरा हुआ था। जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को रिपोर्ट दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नापासर में इंडस्ट्रियल ऑयल फैक्टरी की जांच पूरी

- फैक्टरी में इंडस्ट्रीयल ऑयल को बॉयोडीजल बताकर बेचे जाने के मामले में रसद विभाग की जांच में बड़ा खुलासा हुआ
- जांच में सामने आया है कि परिसर में भूमिगत टैंकों से लेकर प्लास्टिक टंकियों तक में करीब 3 लाख 14 हजार लीटर पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था
- जांच के दौरान फर्म न तो वैध एंड यूज प्रमाणपत्र पेश कर सकी और न ही उत्पाद के भंडारण, परिवहन या बिक्री से जुड़े रिकॉर्ड

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के नापासर स्थित कनकश्री केमिकल फैक्टरी में इंडस्ट्रीयल ऑयल को बॉयोडीजल बताकर बेचे जाने के मामले में रसद विभाग की जांच ने बड़ा खुलासा कर दिया है। फैक्टरी को पहले ही सीज कर दिया गया था, लेकिन अब विभाग की विस्तृत जांच में सामने आया है कि परिसर में भूमिगत टैंकों से लेकर प्लास्टिक टंकियों तक में कुल करीब 3 लाख 14 हजार लीटर पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ था।

जांच के दौरान फर्म न तो वैध एंड यूज प्रमाणपत्र पेश कर सकी और न ही उत्पाद के भंडारण, परिवहन या बिक्री से जुड़े रिकॉर्ड। सुरक्षा मानकों की स्थिति भी बेहद खराब मिली। अग्निशमन उपकरण गायब, स्टोरेज अनियमित और टैंकों का रिकॉर्ड भी संदिग्ध था। जांच टीम ने मौके से सैंपल लेकर उन्हें फॉरेंसिक परीक्षण हेतु भेजा है और रिपोर्ट आने तक फैक्टरी के संचालन पर पूर्ण रोक बरकरार रहेगी।

गौरतलब है कि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने इस फैक्टरी पर छापा मारकर गोरखधंधे का खुलासा किया था। जांच से पता चलता है कि यह कोई एक-दो टैंकर का खेल नहीं था। 3 लाख लीटर से अधिक स्टॉक का मतलब है कि सप्लाई चेन बेहद विस्तृत है। छोटे वाहनों में लोडिंग यानी बाजार में अवैध तरीके से यह इंडस्ट्रीयल ऑयल बॉयोडीजल के नाम पर बड़ी मात्रा में बेचा जा रहा था। मंत्री के छापे के बाद भी किसी पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई न होना इस नेटवर्क की सुरक्षा छतरी की ओर इशारा करता है।

जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने 6 नवंबर की रात भारत माला रोड पर एक युवक को एक गाड़ी में संदिग्ध बॉयोडीजल भरते देखा। इसके बाद मंत्री मीणा उस युवक सहित नापासर स्थित कनकश्री फैक्टरी पहुंचे। मौके पर चालक ने कहा हम पुलिस को बंधी देते हैं, हमारा कुछ नहीं होता। मंत्री मौके पर पहुंचे तो वहां छोटी गाड़ियों में फ्यूल भराई जारी मिली। उसी रात फैक्टरी सील, फिर रसद विभाग ने विस्तृत जांच शुरू की।

# सिलेंडर फटने की घटना के बाद हुआ अवैध गैस कारोबार का पर्दाफाश

- अवैध गैस कारोबार की पुलिस और रसद विभाग को जानकारी तक नहीं थी

**बीकानेर, (निसं)।** करणी औद्योगिक क्षेत्र में हुए सिलेंडर विस्फोट के बाद शुरू हुई जांच ने शहर में लंबे समय से चल रहे अवैध गैस कारोबार को बेनकाब कर दिया है। हादसे के अगले ही दिन जिले में रसद विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। यह पूरी कार्रवाई न केवल विस्फोट की वजह तलाशने के लिए की गई, बल्कि इसने यह भी उजागर कर दिया कि औद्योगिक क्षेत्र की दुकानों में किस प्रकार बड़े पैमाने पर अवैध रूप से घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर जमा किए जा रहे थे।

फायर ब्रिगेड टीम को मिली शुरुआती सूचना मामूली नहीं थी। इसी सूचना के आधार पर जब प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची, तो एक नहीं बल्कि दो दुकानों में भारी संख्या में सिलेंडरों का जखीरा मिला। पुलिस की मौजूदगी में ताले तोड़कर जब दुकानें खोली गईं, तो भीतर का दृश्य चौंकाने वाला था। घरेलू और कमर्शियल, दोनों प्रकार के कुल 108 अवैध सिलेंडर भरे पड़े थे, जिन्हें तुरंत जब्त कर सुरक्षित गोदाम में रखा गया। इस कार्रवाई के बाद अब पूरा मामला गैस एजेंसियों से लेकर सप्लाई चेन तक कई सवालों के घेरे में आ गया है। पुलिस और विभाग की टीमें विस्फोट की असली वजह और सिलेंडरों की सप्लाई की कड़ियों का विश्लेषण कर रही हैं। इतने सिलेंडर एक दुकान तक कैसे पहुंचे यह सवाल बड़ा है, जब गैस कंपनियां ई-केवाईसी, आधार-लिंक उपभोक्ता सत्यापन और रिफिल मॉनिटरिंग सिस्टम चला रही हैं, तब सैकड़ों सिलेंडर एक साथ एक दुकान में कैसे पहुंच जाते हैं?

रसद विभाग के सूत्र बताते हैं कि बड़ी मात्रा में सिलेंडर इकट्ठा होना तभी संभव है जब, गैस एजेंसियों से गलत डिलीवरी की मिलीभगत हो, डोमेस्टिक सिलेंडरों का कमर्शियल उपयोग हो, कई फर्जी-दोहराए गए उपभोक्ता आईडी का इस्तेमाल हो या फिर यह सब स्थानीय स्तर पर अवैध रीफिलिंग के लिए किया जाए। मुद्दा यह भी उठता है कि क्या रसद विभाग हर कार्रवाई के बाद संबंधित गैस एजेंसियों की बुकिंग-डिलीवरी पैटर्न की जांच करता है क्योंकि जब तक सप्लाई चैन में सेंध का पता नहीं लगेगा, दुकानों पर छापे केवल बाहरी परतें ही हटाएंगे, जड़ नहीं।


## 22 को गंगा प्रवाह यात्रा अलवर आएगी

**अलवर, (निसं)।** भाजपा जिला कार्यालय अलवर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस वार्ता को प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेंद्र कुमार गोठवाल ने संबोधित किया। जितेंद्र कुमार गोठवाल ने बताया कि अखंडता एवं एकता के प्रतिक सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, उनके योगदानों एवम राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक भूमिका को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ सरदार पटेल 150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत राजस्थान में गंगा प्रवाह व यमुना प्रवाह यात्रा निकलेगी। आगामी 22 नवंबर को दिल्ली से चलकर गंगा प्रवाह यात्रा अलवर आएगी। इस यात्रा में युवा मोर्चा के 320 कार्यकर्ताओं का दल अलवर आएगा। अलवर में यात्रा के प्रवेश पर राजस्थानी संस्कृति व परंपरा अनुरूप भव्य स्वागत होगा।

# गेहूं से भरा ट्रक सड़क में धंसा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नगर निगम की ओर से सीवरेज का कितना घटिया स्तर पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसकी बानगी बुधवार को देखने को मिली। पुलिस लाइन क्षेत्र में एक ट्रक गेहूं से भरकर जा रहा था। तभी सपाट सड़क में धंस गया। एक बारगी तो ट्रक ड्राइवर भी हैरान रह गया। वह नीचे उतरा दूसरे लोगों से मदद की गुहार लगाई। लेकिन जब ट्रक की हालत देखी तो क्रेन ही बुलानी पड़ी। पहले पिकअप में गेहूं की बोरियां खाली कराई गई, बाद में क्रेन की मदद से निकाला जा सका।

- लोगों ने आरोप ने लगाया कि सीवरेज का निर्माण कार्य घटिया स्तर का किया जा रहा है



भीलवाड़ा में गेहूं से भरा ट्रक सपाट सड़क में धंस गया।

लोगों ने आरोप ने लगाया कि पटरी पार सीवरेज का निर्माण कार्य घटिया स्तर का किया जा रहा है लेकिन कोई भी बोलने वाला नहीं है। हालात ये है कि इन वार्डों के पार्षद भी नगर निगम की ओर से कराए जा रहे कार्यों का विरोध नहीं करते हैं, जबकि पहले रुडिप की ओर से कराए जा रहे सीवरेज कार्य के विरोध के लिए एकमत हो रखे थे। पार्षद हो या प्रशासनिक अधिकारी या फिर समाजसेवी सभी उसके विरोध में उतरे हुए थे। स्थानीय लोगों ने कहा कि एक बार आप इन वार्डों में घूम कर देखिए, आपको पता चलेगा कितने मुश्किल हालात में रहने को मजबूर है।

## युवक की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** मथानिया स्थित उम्मेद नगर में बुधवार की सुबह एक युवक का संदिग्ध हालात में शव मिला। आंख के पास में हल्की चोट दिखाई दी। परिजन ने हत्या किए जाने की आशंका में मथानिया थाने में पड़ौसी के खिलाफ रिपोर्ट दी है। रात में युवक पड़ौसी के घर पर बर्थ डे पार्टी में गया था। रात भर से घर नहीं लौटा आज सुबह शव मिला। इधर आक्रोशित लोगों ने उम्मेद नगर में रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और बाद में रास्ता खुलवाया। शव को दोपहर में एमजीएच की मोर्चरी में लाकर रखा गया। जहां मेडिकल बोर्ड पोस्टमार्टम करवाया गया।

एसीपी मंडोर अनिल शर्मा ने बताया मथानिया स्थित उम्मेद नगर नट बस्ती का रहने वाला 22 वर्षीय कमलेश पुत्र प्रेमाराम नट का शव आज सुबह उसके घर के सामने रहने वाले पड़ौसी के यहां पर नजदीक में मिला। सुबह साढ़े सात बजे पुलिस को सूचना मिली और उसकी हत्या किए जाने की जानकारी दी गई।

# रिश्वत मामले में तीन एमईएस अफसरों को सजा सुनाई

## सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज में हुए तीन बड़े मामलों में फैसला सुनाया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जोधपुर की सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने श्रीगंगानगर मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज में हुए तीन बड़े भ्रष्टाचार के मामलों में सनसनीखेज फैसला सुनाया। रिश्वत मामले में तीन एमईएस अफसरों को सजा सुनाई।

ठेकेदार दीपक अनेजा की शिकायत पर 12 अप्रैल 2016 को सीबीआई ने रिश्वत लेते तीन अधिकारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। साढ़े नौ साल बाद आए इस फैसले में कोर्ट ने साफ कहा कि भ्रष्टाचार अब देश की रीढ़ तोड़ रहा है! इस केस के करीब साढ़े नौ साल बाद 18 नवंबर को सुनाए गए फैसले में अकाउंट्स ऑफिसर हरिसिंह नागले और अनिल बेटगिरी को दोषी करार देते हुए 4-4 साल की सजा सुनाई गई, जबकि राधेश्याम सोनी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में 3 साल की सजा सुनाई। वहीं, यूडीसी हेतराम और एन.एन. मोहंती को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। तीनों मामलों में सीबीआई की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक भगवानसिंह भंवरिया ने पैरवी की, जबकि अभियुक्तों की ओर से एडवोकेट जे.के. चांडा व अन्य ने पैरवी की।

न्यायालय ने अपने फैसले में भ्रष्टाचार के गंभीर प्रभाव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार एक विशाल समस्या बन गई है और यह सर्वत्र फैल गई है। किसी भी सार्वजनिक गतिविधि का कोई क्षेत्र भ्रष्टाचार की दुर्गंध से अप्रभावित नहीं रहा है। इसका गहरा और व्यापक प्रभाव पूरे देश के कामकाज पर पड़ता है। बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार राष्ट्र-निर्माण गतिविधियों में बाधा डालता है और सभी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# भरतपुर में आवासहीनों ने किया प्रदर्शन




आवासहीनों ने नगर निगम भरतपुर के गेट पर प्रदर्शन किया।

**भरतपुर, (निसं)।** आवासहीनों को आवास या जमीन दिलाये जाने के सिलसिले में आवासहीन जन संघर्ष समिति भरतपुर-राजस्थान के बैनर तले नगर निगम भरतपुर के गेट पर लगभग 300 महिलाओं व पुरूषों ने धरना देकर नारे लगाये। इसके बाद लगभग बीसीयों प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को ज्ञापन देते समय स्पष्ट तौर से चेतावनी दी कि यदि अविलम्ब हमारी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर निगम पर लगातार और सहपरिवार पड़ाव डाला जायेगा और आन्दोलन को निरन्तर तेज किया जायेगा, जिसकी सारी जवाबदेही निगम प्रशासन की होगी।

इस मौके पर कामरेड नत्थीलाल ने कहा कि सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना होते हुए भी गरीब आवासहीनों को इस मंहगाई और बेरोजगारी के दौर में संघर्ष करना पड़ रहा है। इस धरना आन्दोलन का नेतृत्व कामरेड नत्थीलाल, यादराम प्रजापत अध्यक्ष, कलुआ खान महासचिव, अशोक कपूर, रम्मो सिंह हवलदार, अशोक कुमार जघीना, डॉ. नवलिका, एड. रूचि गर्ग, सुमन योगी, ओमवती, सुनीता, गुड्डी, पूनम, उमेश नायक आदि ने किया।

# राजस्थान हाईकोर्ट : सर्विस बुक की अनुपलब्धता पेंशन में बाधक नहीं

- सफाईकर्मी के पद पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पाली में कार्यरत कर्मचारी की रिट याचिका स्वीकार

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधीश फरजंद अली ने सफाईकर्मी के पद पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पाली में कार्यरत रमेश नामक कर्मचारी की रिट याचिका को स्वीकार करते हुए उसे पेंशन व पेंशन संबंधी सभी लाभ दो माह में प्रदान करने व दो माह में प्रदान नहीं करने पर उसे 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी प्रदान करने का आदेश पारित किया।

कर्मचारी रमेश की नियुक्ति चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पाली में सफाई कर्मचारी के पद पर वर्ष 1979 हुई थी। कालान्तर में सेवानिवृत की आयु को प्राप्त करने पर उसे 31 अगस्त 2018 से सेवानिवृत कर दिया गया। सेवानिवृत के पश्चात् विभाग द्वारा उसके विरूद्ध कोई विभागीय जांच या अपराधिक प्रकरण लम्बित नहीं होने का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया, मगर उसे सेवानिवृति संबंधी लाभ प्रदान नहीं किये गये। केवल प्रोविजनल पेंशन जारी की गयी।

इस पर उसने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक विधिक नोटिस प्रेषित किया। विधिक नोटिस के जवाब में विभाग 01 मार्च 2019 को पत्र द्वारा उसे यह सूचित किया गया कि उसकी सर्विस बुक उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे पेंशन व पेंशन संबंधी लाभ प्रदान नहीं किये जा सकते।

विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर रमेश ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक रिट याचिका उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रार्थी के अधिवक्ता का यह तर्क था कि किसी भी कर्मचारी की सर्विस बुक का संधारण उसके नियोक्ता द्वारा किया जाता है जो, उसके कर्मचारी को नियुक्ति प्रदान करता है ना कि कर्मचारी द्वारा। प्रार्थी की सर्विस बुक उपलबध ना होना में गलती कर्मचारी की ना होकर नियोक्ता की है। नियोक्ता ही सर्विस बुक का संधारण करता है व समय-समय पर उसमें प्रविष्टिया भी अंकित करता है। सर्विस बुक की अनुपलब्धता के कारण कार्मिक की पेंशन रोकना सर्वथा अनुचित है।

प्रार्थी के अधिवक्ता का आगे यह भी कथन था कि राजस्थान कर्मचारी पेंशन नियम का नियम 89 यह कहता है कि किसी भी कर्मचारी के सेवानिवृति से दो माह के भीतर उसे पेंशन व पेंशन संबंधी लाभ प्रदान करना नियोक्ता का दायित्व है अन्यथा कर्मचारी 9 प्रतिशत पेंशन पर ब्याज प्राप्त करने का अधिकारी है। अधिवक्ता का आगे यह भी कथन था कि वर्तमान वाद में प्रार्थी वर्ष 2018 में सेवानिवृत हुआ व उसे आज तक पेंशन व पेंशन संबंधी लाभ प्रदान नहीं किये गये। विभाग द्वारा उसे वैकल्पिक पेंशन प्रदान कर इतिश्री कर ली गयी जो अनुचित व विधि विरूद्ध है।

राज्य सरकार की ओर से जवाब में यह तर्क दिया गया कि प्रार्थी की सर्विस बुक उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे सेवानिवृत परिलाभ प्रदान नहीं किया गये। प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने प्रार्थी रमेश की द्वारा प्रस्तुत रिट याचिका को स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी कि सर्विस बुक भी अनुपलब्धा कार्मिक की पेंशन देने में बाधक नहीं हो सकता। प्रार्थी को पेंशन नियम के तहत उसे दो माह में पेंशन प्रदान भी जाये और दो माह में प्रदान नहीं करने पर राजस्थान पेंशन विभाग के नियम 89 के तहत उसे 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी जिस दिन से यह सेवानिवृत हुआ है उस दिन से लेकर जब पेंशन प्रदान की जाती है तब तक का प्रदान किया जावे।

# गैस रिसाव की परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रील

**अलवर, (निसं)।** राजस्थान आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत गैस रिसाव (केमिकल डिजास्टर) की परिस्थितियों से निपटने के लिए गुरूवार को एमआईए स्थित लॉड्स क्लोरो अल्कली लिमिटेड में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित राहत एवं बचाव से जुड़े अन्य सुरक्षाकर्मियों का मॉक ड्रील का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर एवं इंसीडेंट मजिस्ट्रेट बीना महावर के निर्देशन में मॉक ड्रील के तहत किए गए बचाव एवं राहत कार्य संपादित किए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर ने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में आपातकालीन परिस्थितियों में गैस रिसाव की समस्या से निपटने के लिए मॉक ड्रील का आयोजन किया गया जिसके तहत एमआईए स्थित लॉड्स क्लोरो एलक्लीज कम्पनी लि. में क्लोरीन स्टोरेज टैंक से गैस के रिसाव की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें कम्पनी के 32 कार्मिक बेहोश हो गए। सूचना प्राप्त होते ही कंट्रोल रूम से संबंधित राहत दलों एवं अधिकारी को त्वरित सूचना प्रसारित की गई, जिसकी सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस, अग्निशमन दल, चिकित्सा दल, सिविल डिफेन्स, स्काउट व गाइड, एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के दलों ने तुरन्त मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया। गैस लीकेज के दौरान काम में आने वाले मास्क एवं विशेष ड्रेस पहनकर राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। मॉक ड्रील के दौरान एनडीआरएफ 6वीं बटालियन गुजरात से आए ऑफिसर इंचार्ज डॉ. परमिंदर सिंह ने गैस रिसाव से होने वाली क्षति के तहत आपातकालीन अलार्म का उपयोग, राहत कार्यों का प्रदर्शन एवं रखी जाने वाली विशेष सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस दौरान सीबीआरएन से बचाव संबंधित उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों एलसीएएल में फंस रहे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया गया जिसमें लीकेज अरेस्ट करने, रेस्क्यू करने विभिन्न तकनीक तथा उपकरणों आदि से निकलने की तकनीकी जानकारी दी गई।




जिला प्रशासन द्वारा गैस रिसाव की परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉक ड्रील का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, नगर निगम के आयुक्त सोहन सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, जीएम डीआईसी एम.आर. मीणा, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता अल्का व्यास, एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट संजय गुर्जर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## उड़ान स्कूल का नया भवन शहर को समर्पित

**नसीराबाद, (निसं)।** नसीराबाद छावनी क्षेत्र में विशेष बच्चों के लिए उम्मीदों का नया केंद्र बन चुका 'उड़ान स्कूल फॉर स्पेशल चिल्ड्रन' बुधवार को अपने आधुनिक स्वरूप में शहर को समर्पित किया गया। जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद आयोजित इस भव्य उद्घाटन समारोह में छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर हरिश कुमार और सोनिका ने विद्यालय का लोकार्पण किया।

समारोह में मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. नीतिश गुप्ता, एम एच कमांडर आर के यादव और मनोनीत सदस्य सुशील कुमार गदिया उपस्थित रहे। अनेक आर्मी अधिकारी, अभिभावक और स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान चलाए गए वीडियो में उड़ान स्कूल की पुरानी और नई तस्वीरें साथ दिखाई गईं। पुरानी स्थिति देखकर यह महसूस किया गया कि पहले भवन इतना जर्जर था कि अंदर प्रवेश करते समय भी डर लगता था। दीवारों की टूट-फूट, फर्श की जर्जरता और सीमित सुविधाओं ने वर्षों तक बच्चों के विकास में बाधा उत्पन्न की थी, लेकिन अब वही भवन आधुनिक, सुरक्षित और आकर्षक मॉडल स्कूल का रूप लेकर खड़ा है।

# छात्र से मारपीट मामले में एनएसयूआई का प्रदर्शन


## कारोबारी के नाबालिग बेटे के साथ मारपीट और गलत हरकत का मामला

**अजमेर, (निसं)।** कारोबारी के नाबालिग बेटे के साथ मारपीट और अश्लील हरकत के मामले ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। मामले में पुलिस कार्रवाई धीमी होने और स्कूल प्रबंधन द्वारा शिकायत के बावजूद कोई सख्त कार्रवाई न करने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मयूर स्कूल के बाहर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता स्कूल गेट पर चढ़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की और झड़प तक हो गई। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सड़क पर पूतला जलाकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने अतिरिक्त जाप्ता बुलाकर माहौल शांत कराया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुनील लारा के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ता स्कूल के मुख्यद्वार पर पहुंचे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। एनएसयूआई के प्रदर्शन को देखते हुए अलवर गेट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लारा ने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार की शिकायत के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने प्रभावी कार्यवाही नहीं की। स्कूल प्राचार्य संजय खाती मामले को दबाते नजर आए। उन्होंने प्राचार्य को हटाए जाने की मांग करते हुए उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से कार्यकर्ताओं की झड़प भी हुई।

पीड़ित छात्र के पिता और चाचा दोनों ने पुलिस में अलग-अलग शिकायत दर्ज करवाई हैं। दोनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। थाने में दर्ज शिकायत में बताया कि स्कूल के 3-4 छात्रों ने उनके नाबालिग पुत्र को रास्ते में रोककर बेसबॉल के डंडे से पिटाई कर उसके कपड़े उतरवाए, उठक-बैठक लगवाई और अश्लील हरकत की। मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने बताया कि दोषी छात्र लगातार धमकियां दे रहे हैं कि हीरोपंती निकाल देंगे। चाचा ने बताया कि भतीजा कई दिनों से डिप्रेशन में था और डर के कारण कुछ नहीं बता पा रहा था। प्रदर्शन के दौरान पी.सी.सी. सचिव डॉ. सुनील लारा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पवन ओड, दुर्विका सिसोदिया, हिमेश गोयर, नितिन चौधरी, रोहन बैरवा, ठाकुर घारू, हर्षित लोट, अनमोल घारू, मोहित खन्ना, राजवीर गुर्जर, जितेश मोहनपुरिया, कार्तिक छबरीबंद, विशाल गोयर, अभिषेक, रियान सहित काफी संख्या में एन.एस.यू.आई छात्र मौजूद रहे।

सिविल लाइंस थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया कि चाचा की शिकायत पर 3 छात्रों पर पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं अलवर गेट थाना प्रभारी नरेंद्र जाखड़ ने कहा कि पिता की शिकायत पर 4 छात्रों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।



राजस्थान रॉयल्स ने मुझे पहला मंच दिया और पहली जीत का स्वाद भी चखाया था। टीम में लौटना घर लौटने जैसा है।

- रविन्द्र जडेजा

भारतीय क्रिकेटर, राजस्थान रॉयल्स टीम में चयन होने पर बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी**



### अमन सहरावत

भारतीय कुश्ती महासंघ ने अमन सहरावत पर लगाया गया एक साल का निलंबन वापस ले लिया है, क्योंकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप में अपने इवेंट के दौरान अधिक वजन के पाए गए थे। अनुशासन समिति की सिफारिशों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, डब्ल्यूएफआई अमन और नेहा पर लगाया गया निलंबन हटाता है। समिति ने सिफारिश की कि उन्हें एक अवसर दिया जाए और महासंघ उनके प्रति नरम रुख अपनाने पर विचार कर सकता है।''इस फैसले के बाद, दोनों पहलवान दिसंबर में अहमदाबाद में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप और अगले साल होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेने के योग्य हो गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारतीय क्रिकेट टीम का एक और महत्वपूर्ण रिकॉर्ड एम.एस. धोनी की कप्तानी में सभी आईसीसी टूर्नामेंट (टी-20 विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व कप) जीतने का है।

# अभिनव और प्रांजली ने डेफलम्पिक्स में एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण

टोक्यो, 19 नवंबर। टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलम्पिक्स में भारतीय निशानेबाज़ों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं।

अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20 का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12 (97, 95, 95)



और प्रांजली ने 282-8 (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं।

भारत की दूसरी जोड़ी, महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10 के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5 (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5 (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफ़ारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्ज़ेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता।

50मी राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और डेफ वर्ल्ड व ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि जर्मनी के कॉलिन म्यूएलर ने 245.4 के साथ रजत पदक जीता। महित संधू और नताशा जोशी कल महिलाओं की 50मी थ्री पोज़िशन्स इवेंट में हिस्सा लेंगी। महित पहले ही 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में क्रमशः स्वर्ण और रजत जीत चुकी हैं।

# न्यूज़ीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

नेपियर, 19 नवंबर। आखिरी ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर 15 गेंदो में 34 रन की आतिशी पारी, शाई होप (नाबाद 109) की शतकीय पारी पर भारी पड़ी। न्यूज़ीलैंड ने बुधवार को खराब मौसम से प्रभावित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी साथ न्यूज़ीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। नेथन स्मिथ ने (चार विकेट) और काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवोन कॉन्वे (90), रचिन रविंद्र (56) और टॉम लेथम (39) के शानदार प्रदर्शन का इस जीत में योगदान रहा।

248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े। 17वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने रचिन रविंद्र को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 56 रन बनाये। इसके बाद वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने विल यंग (11) और मार्क चैपमैन (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

शमार स्प्रिंगर ने 26वें ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउटकर वेस्टइंडीज की मैच में वापसी कराई। कॉन्वे ने 84 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली। माइकल ब्रेसवेल (11) पांचवें विकेट के रूप में आउट हुये। 195 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा चुकी न्यूज़ीलैंड के टॉम लेथम और कप्तान मिचेल सैंटनर ने ना केवल पारी को संभाला बल्कि तेजी के साथ रन भी बटोरे। न्यूज़ीलैंड ने 33.3 ओवर में पांच विकेट पर 248 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। टॉम लेथम ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 39 रन बनाये। वहीं कप्तान मिचेल सैंटनर ने 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 34 रनों की नाबाद पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्ड, जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स, रॉस्टन चेज और शमार स्प्रिंगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां न्यूज़ीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी नाबाद शतकीय पारी के दम पर निधारित 34 ओवर में नौ विकेट पर 247 का स्कोर खड़ा किया। शाई होप ने 69 गेंदों 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 109 रनों की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन के स्कोर पर जॉन कैंपबेल (15) का विकेट गंवा दिया। न्यूज़ीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे होप को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका और एक-एक करके विकेट गंवाते रहे। इस दौरान शाई होप अकेले ही न्यूज़ीलैंड के गेंदबाजों पर प्रहार करके रन बटोरते रहे। अकीम अग्युस्त, जस्टिन ग्रीव्स, रोमारियो शेफर्ड 22-22 रन बनाकर आउट हुये। मैथ्यू फोर्ड ने 11 गेदों में 21 रन बनाये।



## सईद मुश्ताक अली ट्रॉफी प्रशिक्षण शिविर हेतु राजस्थान टीम के संभावित घोषित

जयपुर, 19 नवम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी 20 ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्यों द्वारा नियुक्त सीनियर चयन कमेटी (पुरुष ) ने राजस्थान सीनियर सैयद मुश्ताक अली टीम के संभावितों के प्रशिक्षण शिविर हेतु खिलाड़ियों का चयन किया। इस दौरान आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा नियुक्त ओब्जेर्वेशन कमेटी सदस्य अरिष्ट सिंघवी मौजूद रहे। राजस्थान टीम के संभावितों का शिविर आगामी 21 - 22 नवम्बर को जयपुर में आयोजित किया जायेगा।

**राजस्थान सीनियर टीम प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित खिलाडी :-** महिपाल लोमरोर, दीपक हुड्डा, राम निवास गोलाडा, राम मोहन चौहान, आदित्य सिंह राठौर, कार्तिक शर्मा, कुणाल सिंह राठौर, खलील अहमद, अजय सिंह कुकना, अजय राज सिंह, आकाश सिंह, मानव सुथार, साहिल दीवान, अशोक शर्मा, भरत शर्मा, सचिन यादव, कमलेश नागरकोठी, शुभम गढ़वाल, हेमंत कुमार चौधरी, राहुल चाहर, विश्वजीत सिंह भाटी, अमन सिंह शेखावत।

## फ्रांस पर शानदार जीत के साथ बेल्जियम डेविस कप सेमीफाइनल में पहुंचा

बोलोग्ना (इटली), 19 नवंबर। बेल्जियम ने इटली के बोलोग्ना में फ्रांस पर 2-0 की शानदार जीत के साथ 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की इस जीत से इस प्रतियोगिता में फ्रांस के खिलाफ उसका रिकॉर्ड 4-6 हो गया है, जिसका इतिहास एक सदी से भी ज़्यादा पुराना है। दिन की शुरुआत राफेल कॉलिग्नन की शानदार वापसी के साथ हुई, जिन्होंने धीमी शुरुआत को पलटते हुए कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराया।

## 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें

लंदन, 19 नवंबर। मंगलवार को यूरोप और कॉनकाकाफ ज़ोन में हुए मैचों के बाद 48-पक्षीय 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों की सूची इस प्रकार है :-

**मेजबान देश -** संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, मेक्सिको उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका और कैरिबियन (कॉनकाकाफ) कुराकाओ, हैती, पनामा

**अफ्रीका -** अल्जीरिया, केप वर्डे, मिस्र, घाना, कोट डी आइवर, मोरक्को, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया

**एशिया -** ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, उज़्बेकिस्तान

**यूरोप -** क्रोएशिया, इंग्लैंड, फ्रांस, नॉर्वे, पुर्तगाल, जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रिया, स्कॉटलैंड

**विश्व कप क्वालीफाइंग प्ले-ऑफ में टीमें**

गुरुवार को होने वाले ड्रॉ से पहले 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग प्ले-ऑफ में टीमों की सूची इस प्रकार है:

**यूईएफए -** इटली, डेनमार्क, तुर्किये, यूक्रेन, पोलैंड, वेल्स, चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, अल्बानिया, आयरलैंड गणराज्य, बोस्निया और हर्जेगोविना, कोसोवो, स्वीडन, रोमानिया, उत्तरी आयरलैंड, उत्तरी मैसेडोनिया

**अंतर-**संघीय - इराक, डीआर कांगो, न्यू कैलेडोनिया, बोलीविया, सूरीनाम, जमैका **नोट:** प्ले-ऑफ मार्च 2026 में खेले जायेंगे।

# 100 वें टेस्ट में शतक की दहलज पर मुशफिकुर रहीम

मीरपुर, 19 नवंबर। मुशफिकुर रहीम (नाबाद 99) अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने की दहलीज पर पहुंच गए हैं जबकि उनकी शानदार बल्लेबाजी और लिटन कुमार दास (नाबाद 47) और मोमिनुल हक (63) की उपयोगी पारियों के दम पर बंगलादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को चार विकेट पर 294 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

आज यहां बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। महमुदुल हसन जॉय और शादमान इस्लाम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। एंडी मैक्ब्राइन ने शादमान इस्लाम 35 को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई।

बंगलादेश का दूसरा विकेट महमुदुल हसन जॉय (34) के रूप में गिरा। उन्हें भी एंडी मैक्ब्राइन ने आउट किया। इसके बाद एंडी मैक्ब्राइन ने कप्तान नजमुल शान्तो (आठ) और मोमिनुल हक (68) को भी



अपना शिकार बनाया। दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने 90 ओवरों में चार विकेट पर 294 बना लिये है। मुशफिकुर रहीम (नाबाद 99), लिटन कुमार दास (नाबाद 47) क्रीज पर मौजूद थे। आयरलैंड के एकमात्र सफल गेंदबाज एंडी मैक्ब्राइन रहे। उन्होंने बंगलादेश के चार बल्लेबाजों को आउट किया।

## दक्षिण अफ्रीका-ए ने भारत-ए को 73 रनों से हराया

राजकोट, 19 नवंबर। रिवाल्डो मूनसामी (107) और लुआन-द्रे प्रेटोरियस (123) की शानदार शतकीय पारियों के बाद एन पीटर (चार विकेट) और टी मोरेकी (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ए ने बुधवार को तीसरे अनौपचारिक एकदिवसीय मुकाबले में भारत ए को 73 रनों से हरा दिया। हालांकि भारत ए ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। रितुराज गायकवाड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज तथा लुआन-द्रे प्रेटोरियस को शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

326 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ए के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे खुल नहीं खेल सके और अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे और पूरी टीम 49.1 ओवर में 252 के स्कोर पर सिमट गई । आयुष बदोनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। इशान किशन ने 57 रन बनाये। रितुराज गायकवाड (25) रन बनाकर आउट हुये। मानव सुथार और प्रसिद्ध कृष्णा 23-23 रन बनाकर आउट हुये।



## अभिषेक की हैट्रिक से गवर्नमेंट फुटबॉल एकेडमी जोधपुर विजेता बना

जयपुर, 19 नवम्बर। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज गाडोता जयपुर फुटबॉल मैदान पर रविवार को अंडर - 17 राजस्थान बॉयज फुटबॉल लीग 2025 के तीन मैच खेले गए राजस्थान फुटबाल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि मैच जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब एवं राजस्थान यूनाइटेड फुटबाल क्लब के मध्य खेला गया जिसमें जयपुर एलिट 1- 0 से विजयी रहा, विजेता टीम की तरफ से भीष्म ने 69 मिनट पर गोल किया। मैच फुटसाल फुटबाल क्लब एवं रिहान फुटबाल क्लब अजमेर के बीच खेला गया जिसमें जयपुर फुटसाल 3- 0 से विजई रहा, टीम की तरफ से 2 गोल आदर्श ने 15 और 69 मिनट पर व एक गोल अकशराज ने 23 मिनिट पर गोल किया तीसरा मैच फुटबॉल जयपुर ब्वॉय और गर्ल्स कल्ब गवर्नमेंट फुटबॉल एकेडमी जोधपुर के मध्य खेला गया जिसमें गवर्नमेंट अकैडमी ने 4 - 0 से एकतरफा जीत हासिल की, विजेता टीम की तरफ से अभिषेक ने हेट्रिक लगाई (28,42,79) एक गोल हर्ष तेली ने 24 मिनट में किया मैच में अमर सिंह राठौड़ ने मैच कमिश्नर तथा, रूपेन्द्र, अवकाश, सुमन ओर सुनिल ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में

सिडनी, 19 नवंबर। लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी और थारुण मन्नेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

आज यहां पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 40 सु ली-यांग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस बीच, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो को 6-21, 21-12, 21-17 से हराने में सफलता पाई।

पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के 20वें स्थान पर काबिज ली चिया-हाओ को एक घंटे से अधिक देर तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। थारुण मन्नेपल्ली को भी डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटे से ज़्यादा समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

# तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी और टेनिस में भाग लेंगे 1328 खिलाड़ी

## छह खेलों में होगी 728 महिला प्रतिभागी

जयपुर, 19 नवंबर। राजस्थान में आजादी के बाद पहली बार 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जैसा भव्य आयोजन किया जा रहा है, इसमें 24 खेल शामिल किये गये हैं, जो सभी सातों संभागों में होंगे। छह खेलों- तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी और टेनिस में 1328 खिलाड़ी पदक का दावा पेश करेंगे, इसमें 728 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार एवं अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् डा. नीरज के.पवन ने बताया कि कोटा संभाग में 25 से 28 नवंबर तक तलवारबाजी की स्पद्र्धा आयोजित होगी, जिसमें कुल 240 तलवारबाज भाग लेंगे। दोनों वर्गों में 24-24 टीमें होंगी और प्रत्येक टीम में 4 खिलाड़ी होंगे। फुटबॉल का आयोजन पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित किये जायेंगे। इसमें 144 महिलाओं सहित कुल 288 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हॉकी का आयोजन 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम के हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान पर किया जाएगा। दोनों वर्गों की प्रत्येक टीम में 18-18 खिलाड़ी होंगे। उदयपुर में जूडो 7 वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसमें पुरूष वर्ग में 60 किग्रा, 66 किग्रा (हाफ लाइट वेट), 73 किग्रा (लाइट वेट), 81 किग्रा (हाफ मिडिल वेट), 90 किग्रा (हाफ मिडिल वेट), 100 किग्रा (हाफ हैवी वेट), 100 किग्रा से अधिक भार वर्ग में (हैवी वेट) स्पद्र्धा शामिल हैं, जबकि महिलाओं में 48 किग्रा (एक्स्ट्रा लाइट वेट), 52 किग्रा हाफ लाइट वेट), 57 किग्रा (लाइट वेट), 63 किग्रा (हाफ मिडिल वेट), 70 किग्रा (मिडिल वेट), 78 किग्रा (हाफ हैवी वेट), 78 किग्रा से अधिक (हैवी वेट) की स्पद्र्धाएं शामिल हैं। दोनों वर्गों में 56-56 खिलाड़ी खेलेंगे। डा. नीरज के.पवन ने बताया कि इसी प्रकार कबड्डी में पुरूष व महिलाओं में 96-96 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी होंगे। कबड्डी की स्पद्र्धा बीकानेर में आयोजित की जाएगी। टेनिस का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के टेनिस काम्प्लेक्स में होगा। इसमें 16 पुरूष व 16 महिलाओं सहित कुल 144 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## आरसीए एडहॉक कमेटी : राजस्थान अंडर-23 वीमेन टीम घोषित

जयपुर, 19 नवम्बर। बीसीसीआई की आगामी वीमेन अंडर 23 प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान अंडर 23 वीमेन टीम का चयन राजस्थान वीमेन चयन कमेटी ने राजस्थान अंडर 23 वीमेन टीम के प्रशिक्षण शिविर व अभ्यास मैचों में प्रदर्शन के आधार पर किया। चयनित खिलाडी :- चंद्रज्योत्सना भाटी, डिंपल कँवर (कप्तान), बबिता, शानू सेन, सिद्दीशर्मा (उप कप्तान), उषा परेरिया, अर्चना योगी, अदिति चौहान, ऋतू लोढ़ा, याना वर्मा, निधि सैनी, वंशिका यादव, भाविनी भार्गव, अंजलि जाट, पार्वती।




## जयपुर टीम ने कानोता टीम को हराया

जयपुर, 19 नवम्बर। रामबाग पोलो ग्राउंड पर जयपुर पोलो ओर कानोता पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें जयपुर पोलो टीम ने कानोता टीम को 7 के मुकाबले 8 गोल से हराया। जयपुर टीम की ओर सेलांस वाटसन ने 4 गोल ओर महाराज पद्मनाभ सिंह ने भी अपनी टीम के लिए 4 गोल किये। कानोता पोलो टीम की ओर से प्रताप सिंह ने 1 गोल, हुर्रे अली ने 4 गोल ओर डीनो धनखड़ ने अपनी टीम के लिए 2 गोल किए।

**चतुर्थ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता**

# आर.डी. एकेडमी की जीत में अनिल व अमन चमके

जयपुर, 19 नवम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज आर.डी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा में चतुर्थ डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये मुकाबले में अनिल कुमार गोठवाल 45 रन की शानदार पारी तथा अमन तुरपानी 26 रन पर 3 विकेट की शानदान गेंदबाजी की बदौलत मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज कर पूल में प्रथम स्थान पर रही।

टॉस जीतकर आरडी. क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अनिल कुमार 45 रन, विजय चौधरी 39 रन, गर्वित व्यास 24 रन नाबाद, नव्य गुप्ता 16 रन, विजय प्रजापत 11 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 170 रन बनाये। गेंदबाजी में मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी की ओर से गौरव साल्वी 25 रन पर 2 विकेट, अमृतपाल सिंह 40 रन पर 2 विकेट तथा ईशान जैन, पीयुष व अरिन्जय बाफना प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर अन्य सफल गेंदबाज रहे।



जवाबी पारी में मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी की ओर से गौरव साल्वी 31 रन, शानु अग्निहोत्री 29 रन, विशाल शर्मा 15 रन, रोहित सैनी 13 रन, रेयान सेबेस्टिन 10 रन के प्रयासों के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में आर.डी. क्रिकेट एकेडमी की ओर से अमन तुरपानी 26 रन पर 3 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। जबकि विजेन्द्र कुमार, विजय चौधरी, नव्य गुप्ता प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर अन्य सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच अनिल कुमार गोठवाल आर.डी. क्रिकेट एकेडमी रहे।

# रणजी ट्रॉफी : राजस्थान-दिल्ली मैच ड्रॉ, अंडर-23 ट्रॉफी : राजस्थान ने सौराष्ट्र को 7 विकेट से हराया

### अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी-राजस्थान ने पॉन्डिचेरी को 6 विकेट से हराया, राज्य सीनियर टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी, आदित्य सिंह, गणपत लाल शर्मा, यश सांखला, भारत शर्मा चमके

जयपुर, 19 नवंबर। नाथद्वारा में राजस्थान - दिल्ली टीमों के मध्य खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी मैच आज अंतिम दिन ड्रा समाप्त हुआ, मैच में राजस्थान के लिए महिपाल लोमरोर, कार्तिक शर्मा, कुणाल सिंह राठौर, सचिन यादव, अजय सिंह कुकना, अशोक शर्मा, अनिकेत चौधरी चमके।

रणजी ट्रॉफी राजस्थान - दिल्ली मैच ड्रा समाप्त

राजस्थान पहली पारी 570 / 7 घोषित

दिल्ली पहली पारी 296 आल आउट

दिल्ली दूसरी पारी 316 / 7

आज मैच के अंतिम दिन दिल्ली टीम ने फॉलो ऑन खेलते हुए मैच समाप्त घोषित किये जाने तक 7 विकेट के नुकसान पर 316 रन बना लिए थे। टीम के लिए यश धूल 189 व आयुष 64 रन राजस्थान के गेंदबाज अजय सिंह कुकना 92 / 3, अशोक शर्मा, अनिकेत चौधरी, साहिल दीवान, सचिन यादव प्रत्येक 1 - 1 विकेट।

अंडर 23 ट्रॉफी - राजस्थान ने सौराष्ट्र को 7 विकेट से हराया अहमदाबाद में खेले जा रहे अंडर 23 ट्रॉफी राजस्थान - सौराष्ट्र मैच को राजस्थान ने 7 विकेट से जीता, राजस्थान की जीत में नीलेश टांक, सुमित गोदारा, रोहन राजभर, मुकुल चौधरी, करण लाम्बा चमके।

सौराष्ट पारी 305 / 6, टीम के लिए रक्षित 102, अंश 92 व मानव 63 रन, राजस्थान केगेंदबाज नीलेश टांक 51 / 4 व चेतन शर्मा, दीपेंद्र 1 - 1 विकेट, राजस्थान पारी 307 / 3

सुमित गोदारा, रोहन राजभर, मुकुल चौधरी, करण लाम्बा ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेली।

टीम के लिएसुमित गोदारा 77 रन (84 गेंद,



5 चोक्के, 5 छक्के), रोहन राजभर 76 रन (92 गेंद, 5 चोक्के, 1 छक्का), मुकुल चौधरी नाबाद 71 रन (43 गेंद, 3 चोक्के, 5 छक्के), करण लाम्बा नाबाद 70 रन (63 गेंद, 3 चोक्के, 3 छक्के)

सौराष्ट्र के गेंदबाज करैंस 61 / 2 विकेट, अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी राजस्थान - पॉन्डिचेरी मैच (राजस्थान 6 विकेट से जीती), जयपुर में जैपुरियाग्राउंड पर खेले जा रहे राजस्थान पॉन्डिचेरी मैच का परिणाम :-, पॉन्डिचेरी पहली पारी 314 आल आउट, राजस्थान पहली पारी 338 आल आउट, पॉन्डिचेरी दूसरी पारी 137 आल आउट, राजस्थान दूसरी पारी 117 / 4, लक्ष्य को आज मैच के अंतिम दिन राजस्थान टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाते हुए राजस्थान ने मैच में 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। टीम के लिए आदित्य सैनी नाबाद 47 रन (66 गेंद, 3 चोक्के, 3 छक्के) व ओसनिक ग्रोवर नाबाद 43 रन (83 गेंद, 6 चोक्के) रनो का योगदान दिया। पॉन्डिचेरी के गेंदबाज सुरेंद्र बिश्नोई 39 / 4 विकेट।

राज्य सीनियर टी20 चैलेंजर ट्रॉफी

पहला मैच टीम डी - टीम ऐ (टीम ऐ जीती)

टीम डी पारी 157 / 9

टीम के लिए यश सांखला 68, शिवा 35, कमलेश 21 रन टीम ऐ के गेंदबाज गणपत लाल शर्मा 26 / 3, दानिश भाम्भू 22 / 3 व हेमंत 31 / 2 विकेट

टीम ऐ पारी 161 / 6

टीम के लिए भरत शर्मा 46, समरजीत 33 व पुखराज 22, गणपत लाल शर्मा नाबाद 15 रन

टीम डी के गेंदबाज पुनीत मिश्रा 18 / 2, विश्वजीत सिंह 21 / 2 विकेट

दूसरा मैच टीम सी - टीम बी ( टीम बी जीती)

टीम सी पारी 185 / 5

टीम के लिए मनेंद्र सिंह 50, देवकृत शर्मा 42, सौरभ 34, तोषित 34 रन, टीम बी के गेंदबाज राजीव 48 / 2, टीम बी पारी 186 / 6, टीम के लिए आदित्य सिंह 114, राजवीर 33, जयंत 20 रन, टीम सी के गेंदबाज निर्मल बिश्नोई 38 / 2 विकेट।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के दुर्गापुरा के राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तान्तरण कार्यक्रम को संबोधित किया। समारोह में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल व सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार भी शामिल हुए ।*

# किसानों को लाभांवित करने में राजस्थान देश में पाँचवे स्थान पर- भजनलाल

## पीएम किसान सम्मान निधि पर मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया

**■ प्रधानमंत्री मोदी ने कोयम्बटूर में किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त हस्तांतरित की, मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से जुड़े।**

जयपुर, 19 नवम्बर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच देश के किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के विकास से जुड़ी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास तथा हर जरूरतमंद तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसके जीवन स्तर को उठाने के लिए राज्य सरकार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी के तमिलनाडु के कोयम्बटूर शहर में पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तान्तरण कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से जुड़े। जयपुर के दुर्गापुरा के राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अब तक 20 किस्त जारी हुई हैं, जिससे राजस्थान के किसानों के खातों में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। 21वीं किस्त में लगभग 1400 करोड़ की राशि किसानों के खातों में जमा करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि लाभान्वित किसानों की संख्या की दृष्टि से राजस्थान का देश में पांचवां स्थान है।

उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सरकार तीन हजार रुपये की राशि अलग से दे रही है। इसके अलावा, किसानों को बिजली के बिलों में 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

समारोह में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीना ने कहा कि कृषि और सहकारिता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि किसान हमारे समाज और अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं।

इस दौरान सहकारिता से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, शासन सचिव कृषि राजन विशाल सहित, संबंधित विभाग के उच्चाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# केरल में एसआईआर की याचिकाओं की सुनवाई 21 को

नयी दिल्ली, 19 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह को सुनवाई के लिए 21 नवंबर को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की।

अधिवक्ता हारिस बीरन ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के समक्ष इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से दायर याचिका का हवाला दिया, जिसमें इसे तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने मामले को शुक्रवार को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की।

बीरन ने दलील दी कि राज्य में चल रहे स्थानीय निकाय चुनावों के कारण एसआईआर को एक साथ कराना व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाएगा।

अधिवक्ता सी.के. शशि ने केरल सरकार की याचिका का भी उल्लेख किया, जिसमें एसआईआर अधिसूचना को चुनौती नहीं दी गई है, बल्कि स्थानीय निकाय चुनाव समाप्त होने तक पुनरीक्षण प्रक्रिया को स्थगित करने की मांग की गई है।

# पेपर लीक के मास्टर माइंड जगदीश विश्नोई की जमानत याचिका खारिज

## हाई कोर्ट ने विश्नोई के साथ तीन अन्य आरोपियों को भी जमानत देने से इनकार किया

**■ आठ महीने पहले जगदीश विश्नोई को जेईएन-भर्ती-2020 पेपर लीक मामले में जमानत मिली थी, लेकिन एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में जेल में बंद होने के कारण वह जेल से बाहर नहीं आ पाया था।**

जयपुर, 19 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई सहित, अन्य तीन आरोपियों- राजीव विश्नोई, कार्तिकेय शर्मा और रिंकू यादव को जमानत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। जस्टिस चन्द्रप्रकाश श्रीमाली ने ये आदेश आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

आरोपियों ने जमानत याचिका में कहा कि उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है। अभियोजन पक्ष के पास उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। मुकदमे में की ट्रायल में लंबा समय लगने की संभावना है और वे लंबे समय से जेल में बंद हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। इसके विरोध में राज्य सरकार की ओर से विशेष अभियोजक अनुराग शर्मा व अधिवक्ता अक्षत शर्मा ने कहा कि जगदीश विश्नोई ही एसआई भर्ती, 2021 पेपर लीक का मास्टरमाइंड है। उसने ही गैंग बनाकर पेपर लीक किया और भर्ती प्रक्रिया की पवित्रता को भंग किया। वहीं, राजीव बिश्नोई न केवल अभ्यर्थी है, बल्कि गैंग हैंडलर भी है। उसने ही पेपर को सॉल्व करके आगे फैलाया था। वहीं कार्तिकेय शर्मा ने पेपर खरीदकर रिंकू यादव को बेचा। आरोपियों ने मिलीभगत कर एसआई भर्ती का पेपर लीक किया। आरोपियों के खिलाफ अभियोजन के पास पर्याप्त सबूत हैं। इसलिए आरोपियों को जमानत नहीं दी जाए।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की दलीलों से सहमत होकर मुख्य आरोपी जगदीश विश्नोई सहित, अन्य तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। गौरतलब है कि आठ महीने पहले जगदीश विश्नोई को जेईएन भर्ती-2020 पेपर लीक मामले में जमानत मिली थी, लेकिन एसआई भर्ती मामले में जेल में बंद होने के चलते वह जेल से बाहर नहीं आ पाया था। ऐसे में अब याचिका खारिज होने के चलते उसे फिलहाल जेल में ही बंद रहना पड़ेगा।

# अनमोल बिश्नोई के दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने गिरफ्तार किया

## उस पर सिद्धू मूसावाला व बाबा सिद्दीकी हत्याकांड तथा सलमान खान के घर पर फायरिंग के मामले दर्ज हैं

**■ वर्ष 2022 से फरार गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई जेल में बंद अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई की सिंडीकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19 वां आरोपी है।**

नयी दिल्ली ,19 नवंबर। खूंखार गैंग्स्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर उतरते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

अनमोल पर हत्या, अपहरण और जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप हैं और वह लंबे समय से फरार था। वर्ष 2022 से फरार और अमेरिका में रह रहा अनमोल बिश्नोई जेल में बंद अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई की अगुवाई वाले आतंकी सिंडिकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19वाँ आरोपी है।

मामले की जाँच के बाद यह स्थापित हुआ कि अनमोल ने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में नामित आतंकवादी गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी। एनआईए ने मार्च 2023 में अनमोल के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था।

गौरतलब है कि अनमोल के खिलाफ सिद्धू मूसेवाला और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग सहित गंभीर मामले दर्ज हैं। एनआईए ने उस पर दस लाख का इनाम घोषित किया था। अनमोल पर कुल 18 मामले दर्ज हैं, जिनमें जबरन वसूली, हत्या और हथियार -तस्करी शामिल हैं।

गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुये अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा।

# राष्ट्रपति छत्तीसगढ़, तेलंगाना व आंध्र के दौरे पर

**■ वे आज अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ सरकार के जनजातिय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगी।**

नयी दिल्ली 19 नवम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से छत्तीसगढ़ , तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की तीन दिन की यात्रा पर जायेंगी।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि मुर्मु गुरुवार को अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ सरकार के जनजातीय गौरव दिवस समारोह में शामिल होंगी।

शुक्रवार को वह सिकंदराबाद के बोलारम स्थित राष्ट्रपति निलयम में भारतीय कला महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगी। भारतीय कला महोत्सव के दूसरे संस्करण में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, गोवा, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव की समृद्ध सांस्कृतिक, पाककला और कलात्मक परंपराओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

# नीतीश ने अपने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शासन की अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था।

जनता का विश्वास वापस पाने और भाजपा के साथ नई सत्ता-साझेदारी की जटिलताओं को संभालने की दोहरी चुनौती के बीच, नीतीश कुमार ने यह निर्णायक कदम उठाया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री अपने नए कार्यकाल की शुरुआत इस साफ संदेश के साथ करना चाहते थे कि कैबिनेट में जगह वफादारी से नहीं, बल्कि ईमानदारी से तय होगी।

यह कदम भाजपा पर भी हल्का-सा दबाव बनाता है, जिसके डिप्टी सीएम उम्मीदवार अभी भी अप्रिय आरोपों से घिरे हुये हैं। भ्रष्टाचार-विरोधी समीक्षा एवं संवीक्षा को रेखांकित करने वाला नीतीश का यह फैसला आने वाले दिनों में गठबंधन की कार्यशैली और प्राथमिकताओं को प्रभावित कर सकता है।

अशोक चौधरी को हटाकर नीतीश कुमार ने अपने प्रशासन के लिए एक स्पष्ट रेखा खींच दी है, राजनीतिक जान-पहचान विश्वसनीयता के महत्व पर भारी नहीं पड़ेगी। जहाँ विपक्ष इसे मजबूरी में उठाया गया राजनीतिक कदम बता रहा है, वहीं सत्ताधारी गठबंधन इसे बिहार में साफ और जवाबदेह शासन की दिशा में उठाया गया मजबूत कदम बता रहा है।

# मान्यता प्राप्त किये बिना ही अल फलाह ने 415 करोड़ रु. की फीस वसूली

## साकेत अदालत ने सिद्दीकी को धनशोधन के मामले में 13 दिन की ईडी हिरासत में भेजा

**■ ईडी के अनुसार छात्रों से फीस की राशि एनएएसी मान्यता व यूजीसी मान्यता के झूठे दावे के आधार एकत्रित की गई।**

नयी दिल्ली (19 नवंबर) दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया।

ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी। एजेंसी के अनुसार, यह राशि एनएएसी मान्यता और यूजीसी मान्यता के झूठे दावों के आधार पर छात्रों से एकत्रित की गई फीस है।

ईडी ने तर्क दिया कि इन भ्रामक प्रथाओं का उपयोग छात्रों एवं अभिभावकों को बेईमानी से फीस का भुगतान करने हेतु प्रेरित करने के लिए किया गया, जिससे अत्यधिक अपराध आय अर्जित हुई। 2014-15 से 2024-25 तक आयकर रिटर्न के वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि शैक्षिणक राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जिन वर्षों में संस्थान को मान्यता प्राप्त नहीं हुई थी उन वर्षों के दौरान कुल 415.10 करोड़ रुपये को शैक्षिणक राजस्व घोषित किया गया था।

ईडी ने रिमांड अर्जी में आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का संचालन करने वाले अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के नियंत्रक सिद्दीकी इस योजना में अहम भूमिका निभा रहे थे। ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, सिद्दीकी के वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है।

बचाव पक्ष ने दलील दी कि धनशोधन मामले का आधार बनने वाली दोनों प्राथमिकी झूठी और मनगढ़ंत थीं।

दोनों पक्षों को सुनने और मामले के रिकॉर्ड की जांच करने के बाद, अदालत ने माना कि पीएमएलए के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए ईडी की हिरासत में पूछताछ के अनुरोध को उचित माना।

# बिहार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में होने हैं, तृणमूल कांग्रेस द्वारा कांग्रेस के लिए कोई जगह छोड़े जाने की संभावना कम ही है।

तमिलनाडु में कांग्रेस-डीएमके गठबंधन भी मुश्किल दौर से गुजर रहा है, खासकर इसलिए, क्योंकि कांग्रेस, अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी, टीवीके के करीब दिख रही है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल पहले ही इंडिया ब्लॉक से बाहर होने की घोषणा कर चुके हैं, और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कांग्रेस से उचित दूरी बनाए रखने के संकेत दे रहे हैं।

# कांग्रेस ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हर कोशिश को उजागर करेंगे, चाहे वह कितनी ही सूक्ष्म क्यों न हो, जो असली मतदाताओं को हटाने या फर्जी मतदाताओं को जोड़ने के लिए की जा रही है। कांग्रेस पार्टी संस्थाओं के पक्षपातपूर्ण दुरुपयोग से लोकतांत्रिक सुरक्षा-तंत्र को कमजोर नहीं होने देगी।"

# दिल्ली पुलिस ने अल फलाह के छात्र को देवबंद से गिरफ्तार किया

**■ छात्र अहमद रजा अल फलाह में मेडिकल कॉलेज के तीसरे वर्ष में पढ़ रहा है**

सहारनपुर, 19 नवंबर। सफेद पोश आतंकी माड्यूल की आतंकी गतिविधियां उजागर होने के बाद, फरीदाबाद को अल-फलाह यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस का तीसरे वर्ष का छात्र अहमद रजा दिल्ली पुलिस की हिरासत में है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम मंगलवार शाम देवबंद से इस छात्र को अपने साथ लेकर गई थी। मोहल्ला पठानपुरा निवासी इस छात्र का पिता अब्बास जैदी यहां भायला रोड़ स्थित असगरिया मदरसे के पास ट्रैक्टर के स्पेयर्स पाट्स की दुकान करता हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा तीन साल पहले अल-फलाह यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की पढ़ ाई करने के लिए गया था और अभी हाल ही में वह देवबंद घर पर आया था। उनका लड़का पूरी तरह से निर्दोष है।

दूसरी ओर, पुलिस और जांच एजेंसियां जनपद में रह रहे कश्मीरी छात्रों की तलाश में जुटी है। जांच-पड़ताल के लिए आई टीम की अगुवाई कर रहे श्रीनगर-अनंतनाग के डीआईजी जावेद इकबाल मट्टू ने बताया था कि डा0 अदिल मजीद राथर के सहारनपुर के आवास से तलाशी के दौरान जो डायरी और दूसरी सामग्री मिली थी उसमें सहारनपुर और आसपास के इलाकों में रहने वाले कश्मीरी छात्रों और युवकों का ब्योरा दर्ज था।

एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि एक तो पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त का ब्यौरा जुटाया जा रहा है। दूसरे जनपद में किराएदारों का वेरीफिकेशन कराया जा रहा है। संदेह है कि नए माड्यूल से जुड़े कुछ लोग इस जनपद में या फिर आसपास के इलाकों में कहीं शरण तो लिए हुए नहीं हैं।

# एकल पट्टा क्लोज़र ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हाईकोर्ट ने भी आगामी जांच के लिए कहा है। इसलिए क्लोजर रिपोर्ट वापस लेने की मंजूरी दी जाए। इसके साथ ही, मामले में इनटर्वीनर अशोक पाठक ने कोर्ट से प्रोटेस्ट पिटिशन पेश करने के लिए समय मांगा, जिस पर एसीबी कोर्ट ने मामले की सुनवाई 4 दिसंबर को तय की है।

गौरतलब है कि तत्कालीन डीआईजी सवाई सिंह गोदारा ने तीसरी क्लोजर रिपोर्ट पेश कर कहा था कि कोई मामला नहीं बनना पाया गया। वहीं, परिवादी रामशरण सिंह के अधिवक्ता रहे संदेश खंडेलवाल ने बताया कि इस क्लोजर रिपोर्ट को परिवादी ने प्रोटेस्ट पिटिशन के जरिए चुनौती देते हुए मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रसंज्ञान लेने का आग्रह किया था।

इस प्रोटेस्ट पिटिशन पर भी सुनवाई होनी है। दरअसल हाईकोर्ट ने पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल की याचिका पर एक नवंबर को सुनवाई करते हुए एसीबी की क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती देने वाली प्रोटेस्ट पिटिशन पर सुनवाई का रास्ता साफ कर एसीबी को आगामी कार्रवाई की छूट दी थी।

# सोलह जजों, एक सौ तेइस रिटायर्ड ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कॉन्स्टिट्यूशनल अथॉरिटीज़" (राष्ट्रीय संवैधानिक प्राधिकारियों पर हमला) शीर्षक वाले इस खुले पत्र में हस्ताक्षरकर्ताओं ने चिंता जताई है कि "मूलभूत संस्थाओं" को बदनाम करने की एक सोची-समझी रणनीति अपनाई जा रही है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि गणराज्य के स्तंभों की ओर "जहरीली बयानबाज़ी की बढ़ती लहर" चलाई जा रही है। उनके अनुसार, कुछ राजनीतिक नेताओं ने रचनात्मक नीति-चर्चा को त्याग दिया है और बिना सबूत के गुस्से में दिए गए आरोपों पर निर्भर हो गए हैं।

पत्र में कहा गया है कि सेना, न्यायपालिका, संसद और कई संवैधानिक पदों को बदनाम करने के बाद, अब वही नेता चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं और यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसकी निष्पक्षता प्रभावित हो गई है।

पत्र में राहुल गांधी की कई हालिया टिप्पणियों का ज़िक्र है, जिनमें उन्होंने बार-बार कहा है कि उनके पास "वोट चोरी" के ऐसे सबूत हैं, जिनमें शक की गुंजाइश नहीं है और पूरी तरह स्पष्ट हैं।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि गांधी ने सार्वजनिक रूप से अपने इन कथित सबूतों को "एटम बम" बताया था और कहा था कि इनके सामने आने पर चुनाव आयोग को "छिपने की कोई जगह" नहीं मिलेगी। पत्र में हस्ताक्षरकर्ताओं ने यह भी कहा है कि इतने नाटकीय दावों के बावजूद राहुल गांधी ने अभी तक हलफ़नामे के साथ कोई आधिकारिक शिकायत नहीं दी है, जबकि जवाबदेही तय करने के लिए यह ज़रूरी है। वे कहते हैं कि वर्तमान या पूर्व चुनाव आयुक्तों को धमकाना उन अधिकारियों को डराने जैसा है, जो संवैधानिक कर्तव्य निभा रहे है।

राहुल गांधी के साथ-साथ, पत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, अन्य विपक्षी दलों के पदाधिकारियों, वामपंथी विचारों वाले एन.जी.ओ., कुछ शिक्षाविदों, "खास विचारधारा वाले विद्वानों" और जीवन के कुछ अन्य क्षेत्रों के कुछ ध्यान आकर्षित करने वाले लोगों का भी नाम लिया गया है।

पत्र में कहा गया है कि आयोग को "भाजपा की बी-टीम" बताना भावनाएँ तो भड़का सकता है, पर तथ्यों की कसौटी पर सही नहीं ठहरता।

हस्ताक्षरकर्ताओं के अनुसार, चुनाव आयोग पहले ही एस.आई.आर. प्रक्रिया को सार्वजनिक कर चुका है, कानूनी निगरानी की अनुमति दे चुका है, अपात्र प्रविष्टियों को हटाया है और वैध नए मतदाताओं को जोड़ा है, जैसा कि नियमों में निर्धारित है।

पत्र में आरोप लगाया गया है कि ये हमले "राजनीतिक हताशा" को "संस्थागत संकट" का रूप देने की कोशिश हैं, जबकि आयोग अपने निर्धारित नियमों के अनुसार काम कर रहा है।

कांग्रेस ने इन आरोपों का खंडन किया और प्रत्युत्तर में कहा कि पत्र की गहराई से जांच करने पर पता चलता है कि अधिकतर हस्ताक्षरकर्ताओं का झुकाव भाजपा की ओर है और उनका आर.एस.एस. या मोदी सरकार से गहरा संबंध रहा है। उदाहरण के लिए, पूर्व राजनयिक लक्ष्मी पुरी, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी की पत्नी हैं।

कांग्रेस ने आगे यह भी कहा, आश्चर्यजनक बात यह है कि हस्ताक्षरकर्ताओं का यह समूह सरकारी एजेंसियों के खुले दुरुपयोग और संवैधानिक पदों के कमजोर होने पर कोई चिंता नहीं दिखाता, बल्कि इसके बजाय वह विपक्ष की भूमिका पर निशाना साधता है और राहुल गांधी के साथ-साथ वामपंथी विचारों वाले एन.जी.ओ. पर हमला करता है, जो आर.एस.एस. और भाजपा की एक विशेषता है।

कांग्रेस के प्रत्युत्तर के अनुसार, पत्र का उद्देश्य लोकतंत्र को कमज़ोर करना है तथा यह पत्र मोदी सरकार के विरोध को जनता की नज़रों में अविश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से लिखा गया है।

# राजस्थान ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नवंबर को तय की है।

याचिका में अधिवक्ता सविता सिहाग ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्ति के लिए 1 अगस्त 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने आवेदन किया था।

याचिका में आरोप लगाया गया कि आवेदन करते समय प्रोफेसर अल्पना ने अपने ऊपर लंबित आपराधिक प्रकरण की जानकारी नहीं दी। जबकि नियमानुसार, उन्हें इस संबंध में जानकारी देनी थी। ऐसे में उन्होंने तथ्य छुपा कर नियमों की अवहेलना की है। ऐसे में उनके चयन को निरस्त किया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ में राज्य सरकार सहित, अन्य संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करते हुए स्टे एप्लीकेशन पर प्रोफेसर अल्पना से अलग से जवाब देने को कहा है।

# डॉ. शाहीन ने अल-फलाह की प्रयोगशाला से बम बनाने के रसायन चुराये

## एनआईए ने डॉ. शाहीन द्वारा उपयोग की गई संदिग्ध कार कानपुर से बरामद की

**■ एनआईए की जांच में जानकारी मिली है कि डॉ. उमर नबी कथित रुप से आत्मघाती हमलावरों की भर्ती व प्रशिक्षण की कोशिश कर रहा था। उसका उद्देश्य पूरा आत्मघाती दस्ता तैयार करना था।**

नयी दिल्ली, 19 नवंबर। दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है।

एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गयी थी। पूछताछ में डॉ. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फ़लाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की। कई छापों के बाद विश्वविद्यालय पहले ही जांच के दायरे में है। इस बीच, एनआईए की व्यापक आतंकवाद-रोधी जांच से पता चला है कि डॉ. उमर नबी कथित रूप से अतिरिक्त आत्मघाती हमलावरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं ने पाया कि उसने कम से कम 11 व्यक्तियों को प्रेरक वीडियो वितरित किया था, जिनमें से सात कश्मीर से तथा अन्य उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक से थे। उन सभी का विश्वविद्यालय से कोई न कोई संबंध था। एनआईए सूत्रों के अनुसार, उमर का उद्देश्य अकेले काम करने के बजाय, एक पूरा आत्मघाती दस्ता तैयार करने का था। फोरेंसिक टीमें उसके अंग्रेजी वीडियो के असामान्य लहजे की जांच कर रही हैं जो कृत्रिम रूप से संशोधित प्रतीत होता है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/28296 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600